# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन शुक्ल पक्ष 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 24 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ जीएसटी में अभूतपूर्व सुधार

पेरिस फैशन वीक में छाई ऐश्वर्या राय, हीरों से जड़ी आस्तीनों वाली रॉयल ... ◂◂ 6


## शारदीय नवरात्रः आठवां दिन महागौरी



शारदीय नवरात्रि या नवदुर्गा में आठवें दिन अष्टमी की देवी मां महागौरी का पूजन किया जाता है। इसके बाद माता की पौराणिक कथा या कहानी पढ़ी अथवा सुनी जाती है।

महागौरी के नाम से ही प्रकट है कि इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। 4 भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है इनको। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बांये हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। परम कृपालु मां महागौरी कठिन तपस्या कर गौरवर्ण को प्राप्त कर भगवती महागौरी के नाम से संपूर्ण विश्व में विख्यात हुईं।

**प्रार्थनाः**

**श्वेते वृषे समारुढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।**

**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥**

**स्तुति**

**या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता।**

**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

## शारदीय नवरात्रः नौंवा दिन देवी सिद्धिदात्री



नवरात्रि में नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा का है विशेष महत्व चैत्र हो या शारदीय नवरात्रि, दोनों में ही नवमी यानी नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का विशेष विधान है। इस दिन की पूजा, हवन और कन्या भोज के बाद ही कई घरों में नवरात्रि के व्रत का पारण किया जाता है। सिद्धिदात्री सिद्धि, वरदान देने वाली है।

**मां सिद्धिदात्री का स्वरूप :** स्वरूपः मां सिद्धिदात्री का स्वरूप अर्द्धनारीश्वर है। उनका यह रूप सिद्धि और वरदान देने वाला है।

**वाहनः कमलासन, सिंह**

**चार हाथः** मां सिद्धिदात्री के चार हाथ हैं, जिनमें वे चक्र, गदा, शंख और कमल धारण करती हैं।

## छुट्टी की सूचना

**मेट्रो** रेज के तमाम उपभोक्ता, विज्ञापनदाता व हॉकरों को सूचित किया जाता है कि **दुर्गा पूजा के कारण 1-2 अक्टूबर को मेट्रो रेज का कार्यालय बंद रहेगा।** अतः **अगला अंक अब 3 अक्टूबर** को प्रकाशित होगा।

# अंधविश्वास : तंत्र क्रिया के चक्कर में युवक की चढ़ाई बलि,आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 20 वर्षीय युवक की गला काटकर बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई। आशंका जताई जा रही है कि तंत्र क्रिया के चक्कर में बलि ली गई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव तथा दहशत का माहौल है। इस खौफनाक वारदात ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना गोलमुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गाढ़ाबासा सोमवार की मध्यरात्रि की है। मृतक शख्स की पहचान 20 वर्षीय युवक अजय बासा उर्फ झंटू के रुप में हुई है। आरोपी शख्स की पहचान संदीप कुमार के रुप में हुई है। बताया जा रहा है कि अजय बासा का शव गाढ़ाबासा के पास रहस्यमयी परिस्थितियों में पाया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने क्रूरता की हदें पार करते हुए अजय बासा का गला काटकर बड़ी बेरहमी से मार डाला। वारदात को अंजाम दे फरार हो गया। वहीं जब ग्रामीणों को घटना की भनक लगी तो उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी संदीप जादू-टोना के काम में शामिल रहता था और उसी ने अजय को किसी तंत्र-मंत्र के के लिए मार डाला। बताया जा रहा है कि वह घर का इकलौता बेटा था। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि हत्या की वास्तविक वजह सामने आ सके।

## झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी आज होंगी सेवानिवृत्ति

**विनय मिश्रा**

**रांचीः** भारतीय प्रशासनिक सेवा 1989 बैच की आईएएस अधिकारी एवं झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी आज 30 सितंबर को सेवानिवृत्ति होंगी। श्रीमती तिवारी झारखंड के मुख्य सचिव के रूप में अपने पद स्थापना काल के दौरान झारखंड में विकास गति को बेहतर और सुदृढ़ बनाने में सफल रही । मुख्य सचिव के रूप में निरंतर समस्त विभागों के साथ बैठक कर विकास कार्यों को भरपूर गति देने के लिए समीक्षा बैठक भी काफी कारगर रही। उनके पद स्थापना काल के पश्चात से ही मुख्य सचिव के रूप में किए गए कार्य काफी बेहतर और उत्कृष्ट रहे। मुख्य सचिव अपने पद स्थापना काल के दौरान विभिन्न जिलों का व्यापक रूप से परिभ्रमण कर विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ विकास कार्यों की जानकारी भी लेती रही हैं । इससे पूर्व वे कई महत्वपूर्ण विभागों के सचिव और प्रधान सचिव भी रह चुकी हैं । उनके पदस्थापना काल के दौरान विभाग में बेहतर कार्यों का सृजन भी हुआ और वर्तमान समय में वह झारखंड के मुख्य सचिव के रूप में प्रतिस्थापित थी । वह अपने बेहतर उत्कृष्ट कार्यो के साथ आज 30 सितंबर को सेवानिवृत्ति हो रही है। विदित हो कि उनके उनके पति देवेंद्र कुमार तिवारी भी झारखंड के मुख्य सचिव रह चुके हैं । इस प्रकार से यह रिकॉर्ड और गौरव की बात है कि झारखंड के मुख्य सचिव के रूप में पति और पत्नी दोनों पद स्थापित रह चुके हैं।



## पलामू से चोरी हुई हथिनी बिहार से बरामद छपरा में हुआ था सौदा

**पलामूः** जिले से चोरी हुई मादा हाथी को बिहार में छपरा के अमनौर से रेस्क्यू किया गया है। हथिनी को अमनौर के पहाड़पुर के रहने वाले गोरख सिंह नामक व्यक्ति को 27 लाख रुपए में बेचा गया था। उत्तर प्रदेश की मिजार्पुर के रहने वाले नरेंद्र कुमार शुक्ला ने 12 सितंबर को पलामू के मेदिनीनगर के सदर थाना में एक आवेदन दिया था और जयमति नामक हथिनी की चोरी की शिकायत की थी। पूरे मामले में पलामू के सदर थाना की पुलिस अनुसंधान कर रही थी। हाथी में चिप भी लगा हुआ था।




न्यूज IN ब्रीफ

## विधायक प्रतिनिधि की पत्नी की रेप के बाद हत्या, पति का करीबी ही निकला क्रिमिनल

रांचीः झारखंड पुलिस ने राज्य के लातेहार जिले में एक विधायक के स्थानीय प्रतिनिधि की पत्नी के दुष्कर्म और हत्या के मामले को सुलझाने का दावा करते हुए सोमवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी पीड़िता के पति का रिश्तेदार है। महुआटांड़ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) शिव पूजन बहेलिया ने बताया कि विधायक के प्रतिनिधि ने शुक्रवार शाम बरेशंड थाने में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया, ह्लतलाश के दौरान पुलिस को शनिवार को बरेशंद इलाके के एक जंगल में महिला का शव मिला। प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है और हमने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो महिला के पति का रिश्तेदार है।

बहेलिया के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने की बात कबूल कर ली है। उन्होंने कहा, ह्लआरोपी ने बताया कि वह महिला को जानता था और उसने उसके साथ तब दुष्कर्म किया जब वह शुक्रवार दोपहर जंगल में दातुन इकट्ठा करने गई थी। उसने बताया कि जब महिला ने ग्रामीणों को उसके कृत्य के बारे में बताने की धमकी दी, तो उसने कुल्हाड़ी से वार करके उसकी हत्या कर दी।ह्व बहेलिया के अनुसार, आरोपी की बताई जगह से अपराध में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है।

## गुजरात में फंसे झारखंड के 13 मजदूर, राज्य सरकार वापस लाने का कर रही प्रयास



**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड सरकार गुजरात के कच्छ जिले में फंसे 13 प्रवासी श्रमिकों के एक समूह को वापस लाने का प्रयास कर रही है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के मटिहाना निवासी मजदूर एक निजी कंपनी में काम करने के लिए गुजरात गए थे।

पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया, हमने प्रवासी श्रमिकों से संपर्क किया है। वे सुरक्षित हैं लेकिन कंपनी ने उन्हें घर लौटने की अनुमति नहीं दी है। हम कंपनी प्रबंधन और गुजरात में संबंधित अधिकारियों से बात करने के बाद उनकी वापसी की व्यवस्था करेंगे। बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग करते हुए 'एक्स' पर श्रमिकों की दुर्दशा साझा की। इसके बाद सोरेन ने जिला प्रशासन और राज्य श्रम विभाग के प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ को उन्हें वापस लाने का निर्देश दिया। सारंगी ने आरोप लगाया कि मजदूरों को खाना नहीं दिया जा रहा है और उनका वेतन रोक दिया गया है। सारंगी ने बताया कि मजदूरों के रिश्तेदारों ने बहरागोड़ा पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ की अधिकारी शिखा लकड़ा ने कहा कि कंपनी प्रबंधन से बात की जाएगी ताकि श्रमिकों को वेतन मिल सके और उनकी सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की जाये।

## रावण के पुतले का दहन सीएम करेंगे

**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में दो अक्तूबर को दशहरा पर रावण दहन होगा। मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार 70 फुट ऊंचे रावण, 65 फुट के कुंभकर्ण और 60 फुट के मेघनाथ के पुतले जलाए जाएंगे। 30 गुना 30 फुट की सोने की लंका बनाई गई है, जो आयोजन का विशेष आकर्षण होगी। रावण दहन कार्यक्रम की जानकारी पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने सोमवार को कडरू में पंजाबी भवन में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रावण के पुतले का दहन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। कुंभकर्ण का केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और मेघनाथ के पुतले का दहन विधायक सीपी सिंह करेंगे। समारोह पंजाबी हिंदू बिरादरी की दशहरा कमेटी की ओर से होगी। श्रीराम-रावण युद्ध की जीवंत झांकी और आतिशबाजी संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन अब सिर्फ एक बिरादरी तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे समाज का त्योहार बन चुका है। उन्होंने रांची प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, मीडिया और शांतिप्रिय नागरिकों का आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही यह आयोजन सफल हो पाता है। उन्होंने कहा कि रावण दहन से पूर्व और बाद में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों की टीम श्रीराम-रावण युद्ध की जीवंत झांकी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देगी। मुंबई और कोलकाता से आई पायरो टीम आकाशीय आतिशबाजी करेगी। बिहार के बक्सर जिले के मशहूर आतिशबाज मोहम्मद जलील अहमद और उनकी टीम जमीनी आतिशबाजी से आसमान रंगीन कर देंगे। हजारों की भीड़ को देखते हुए इस बार खोया-पाया काउंटर बनाया गया है। एंबुलेंस की व्यवस्था गुरुनानक अस्पताल और पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा की जाएगी। पेयजल की जिम्मेदारी श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा और मारवाड़ी युवा मंच ने ली है। रांची प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, अग्निशमन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर तैनात रहेंगी।

## डॉक्टरों के साथ मारपीट पर झासा की बैठक, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**रांची :** सदर अस्पताल, रांची में चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों के साथ हाल ही में हुई मारपीट और अभद्र व्यवहार की घटनाओं को लेकर झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा), रांची की एक आपात बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आज सदर अस्पताल परिसर में हुई, जिसमें 26 और 28 सितंबर को हुई दो अलग-अलग घटनाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सदस्यों ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा की और चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। झासा, रांची ने इस मुद्दे पर सिविल सर्जन, रांची एवं उपाधीक्षक, रांची से वार्ता कर अपनी समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। अधिकारियों ने घटनाओं पर अपनी संवेदना जताई और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

झासा की प्रमुख मांगों में अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना शामिल है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों की संख्या एवं निगरानी दायरा बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई है। झासा का कहना है कि अगर भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोहराई जाती हैं, तो इसका सीधा असर इमरजेंसी सेवाओं पर भी पड़ सकता है।

बैठक में बताया गया कि मारपीट की घटनाओं के बाद डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों में भारी आक्रोश है।

# हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

### लाखों की नकदी व स्कूटी बरामद

संवाददाता

**रांची :** खूंटी पुलिस ने कर्रा थाना कांड संख्या-76/2025 के तहत हुए हत्या मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से हत्या में प्रयुक्त स्कूटी, मृतक की स्कूटी, पाँच लाख से अधिक नगद रकम और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

खूंटी पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो को गुप्त सूचना मिली थी कि कर्रा थाना कांड-76/2025 से जुड़े अपराधी ग्राम मेजर कोठी, जोजो नागा बजरा (रांची) में छिपे हुए हैं। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अनु. पु. पदाधिकारी, तोरपा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।



छापेमारी के दौरान पुलिस ने बाल्टर कच्छप पिता बिरसा कच्छप, निवासी मेजर कोठी, जोजो नागा बजरा, पंडरा ओपी, रांची को धर दबोचा। पूछताछ में बाल्टर ने अपने साथियों के साथ मिलकर बुधवा उरांव उर्फ एतवा बखला की हत्या करने की बात स्वीकार की। बाल्टर की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयोग की गई स्कूटी, मृतक की स्कूटी, 90 हजार रुपये और एक मोबाइल बरामद किया। आगे की कार्रवाई में पुलिस ने हत्या में संलिप्त अन्य दो आरोपी अनिल कच्छप उर्फ करमा कच्छप, जीवन बाखला को गिरफ्तार किया गया है।

अनिल कच्छप के पास से हत्या के एवज में ली गई 4 लाख 50 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल फोन, जबकि जीवन बाखला से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। छापेमारी दल में एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस निरीक्षक, अशोक कुमार सिंह, और थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित कर्रा थाना रिजर्व गार्ड सहित सुरक्षा कर्मी थे। वहीं खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों बाल्टर कच्छप, अनिल कच्छप और जीवन बाखला को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### घाटशिला उप-चुनाव के लिए अंतिम वोटर लिस्ट जारी

## 5171 नये मतदाताओं के नाम शामिल, अब कुल वोटर्स 2,55,823



संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक एवं झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के अगस्त में निधन के बाद रिक्त हुई घाटशिला (आरक्षित) विधानसभा सीट के लिए जारी अंतिम मतदाता सूची में कुल 5171 नये मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी।

अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद, घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 2,55,823 हो गई है, जिनमें से 1,30,921 महिलाएं हैं और इनमें से 2,871 नयी मतदाता हैं। तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 3 बनी हुई है। इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा जल्द ही होने की संभावना है।

पूर्वी सिंहभूम जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि कुल 5,325 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5,171 स्वीकार किए गए। इसके अलावा, नाम हटाने के कुल 750 में से 715 आवेदन स्वीकार किए गए। सत्यार्थी ने बताया कि आगामी उपचुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। अधिकारी ने मतदाताओं से चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और मतदान करने की अपील की।

## ड्रोन की निगरानी में होगी दुर्गा पूजा पूरे जिले में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता

**चतरा :** दुर्गा पूजा पर शहर में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों एवं संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,सदर अंचल अधिकारी, सदर थाना प्रभारी/महिला थाना प्रभारी, सहित बड़ी संख्या में जिला बल एवं आईआरबी के जवान शामिल रहे। इसके अतिरिक्त जिले के सभी थाना में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी/पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में भी फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च समाहरणालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों जतराहीबाग, बाजार क्षेत्र, केशरी चौक, गुदरी बाजार, बुढ़वा



मंदिर, काली मंदिर, अव्वल मुहल्ला मस्जिद, मुख्य पोस्ट ऑफिस चौक, नगर भवन, पुराना कोर्ट आदि क्षेत्रों/पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान आम नागरिकों को भी सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा शांति और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने बताया कि विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है।उन्होंने सभी संवेदनशील इलाकों में ड्रोन की तैनाती की गई है।ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।चतरा पुलिस आम जनता से अपील करती है कि दुर्गा पूजा के इस पावन अवसर पर शांति, भाईचारे एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ पर्व का आनंद लें तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 पर एवं संयुक्त जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाईल नं0 9117619352/9334103794 (पुलिस कंट्रोल रूम) से तुरंत संपर्क करें।

## डीसी व एसपी ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

संवाददाता

**चतरा :** जिले में दुगार्पूजा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए प्रशासनिक तैयारियों को परखने हेतु उपायुक्त कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल सोमवार की देर शाम टंडवा, सिमरिया तथा चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख दुगार्पूजा पंडालों के निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं, मंडपों, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था तथा दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।



उन्होंने स्थानीय स्तर पर पदाधिकारियों व आयोजकों से सुरक्षा, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन, यातायात व्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली।उपायुक्त ने कहा कि दुगार्पूजा जिले की आस्था और संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व है, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे पर्व के दौरान दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं आपातकालीन सेवाएं 247 सतर्क रहेंगी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति का त्वरित समाधान किया जा सके।निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन किए और व्यवस्थाओं को परखा।उक्त अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं आयोजक मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे।अंत में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन एवं श्रद्धालुओं से अपील किया कि वे प्रशासन को सहयोग देते हुए शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्व का आनंद लें।

## पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा बनाने को लेकर संजय सेठ ने किया शिलान्यास



**खलारी :** प्रखंड अंतर्गत मोहन नगर तालाब के समीप सांसद निधि फंड से पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा बनाने के लिए सोमवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं पूर्व विधायक समरीलाल ने शिलान्यास किया इससे पूर्व आरती एवं पूजन करने के बाद नारियल फोड़कर पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित बनाने के लिए आधारशिला की न्यू राखी उसके बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं कांके विधानसभा के पूर्व विधायक समरीलाल ललन प्रसाद सिंह सुनील सिंह गोल्डन यादव प्रेम कुमार शैलेश कुमार सामूहिक सहित मोहन नगर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया किया मौके पर कृष्ण चौहान नंदलाल चौहान रामबली चौहान,प्रदीप ठाकुर अभिषेक चौहान ,बुटन चौहान अवधेश चौहान रमेश ,चौहान, अजय चौहान कमलेश प्रसाद, शैलेंद्र शर्मा, रवि भूषण सिह ,एवं भाजपा के कार्यकर्ता एवं कई लोग उपस्थित थे।

# ग्रिजली पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दशहरा






मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** गुमो स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल एवं उसके जूनियर विंग ग्रिजली किड्स में दशहरा का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत फैंसी ड्रेस कार्यक्रम से की गई जिसमें बच्चे अनन्या, रिद्धिमा मोदी, समृद्धि प्रियदर्शी, अमायरा रोशन, नायरा पंडित, अभिज्ञा कुमारी, माहिका सिंह, रिशन्या शाह, आदया राणा, पवि कुमारी ने मां दुर्गा के 9 अवतार को दशार्या। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो नवदुर्गा स्कूल के प्रांगण में उतर आई हों। उसके पश्चात शिक्षिका मनीषा कुमारी ने मां दुर्गा के अवतार तथा भगवान राम की कथा विस्तार से सुनाई। कक्षा 2 के बच्चे दक्ष आर्या, आर्यन कुमार, आयांश आर्या, अहान नंद, प्रशांत प्रीत, दर्पित लोहानी, अभ्यास कुमार, आदित्य राज, आर्यन राज, आरजव जैन,अदवय स्वास्तिक, तन्वी जैन, द्वारा प्रस्तुत शानदार नाटक, जिसमें सीता हरण और राम-रावण के युद्ध का दृश्य देखकर सभी रोमांचित हो उठे। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि चाहे बुराई कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत हमेशा अच्छाई की ही होती है। इसके बाद बच्चे एकांशा संदीप, बिदिशा चौधरी, वैष्णवी कुमारी, ऋषि राज, दिव्यांशी सिंह, तान्या प्रकाश शाह, नमन कुमार, प्रतीक कुमार ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक गाने ढोलीरा पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने वातावरण को और भी उत्सवमय बना दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। प्रधानाचार्या नीरजा ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा–₹दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह एक प्रेरणा है कि हम सभी अपने अंदर की नकारात्मकता को दूर कर अच्छे गुणों को अपनाएँ। जब हम सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलते हैं, तभी समाज और देश प्रगति करता है। कार्यक्रम में उपस्थित निर्देशिका सुनीता सेठ ने बच्चों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा बच्चों के कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन जयश्रीराम के उद्घोष और जोरदार तालियों के साथ हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रशासक प्रतीक जैन, संयोजक सकिंदर कुमार, संयोजिका अनीता कुमारी, पूजा झा, सदफ नाज, गुरजीत कौर, शिक्षिका श्वेता अग्रवाल, नेहा दास, दिशा सोनी, मनीषा कुमारी, अविनाश, मुकेश कुशवाहा, शालिनी, सोनी गुप्ता, अंजू, कुमारी मायावती, रानी, दिव्याली, सोनाली,श्रुति, रिया, पूनम, सुनीता, साक्षी गुप्ता, डिंपल, साक्षी, रिद्धिमा, जिज्ञासा, तनु प्रिया, ईशा, दलजीत कौर, सीमा, रीशु, ब्युटी, खुशबू, रिचा, शैलजा के अलावा प्रशासनिक सदस्य अनिल, रजनीश, विकास, रोहित, मनीमाला, निखत व अन्य का भी सराहनीय योगदान रहा।

# आकर्षण का केंद्र बना आदर्श दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल

गांव के थीम पर आधारित है पंडाल, पंडाल के ऊपर बना शिवलिंग लोगों को कर रहा है आकर्षित









मेट्रो रेज

**रांचीः** आदर्श दुर्गा पूजा समिति ने इस बार सोमनाथ मंदिर के रूप में एक भव्य पंडाल तैयार किया है। पंडाल के ऊपर भव्य शिवलिंग बनाया गया है, जो कि बहुत ही आकर्षक है।

ज्ञात हो कि इस बार आदर्श दुर्गा पूजा समिति के आयोजन की गरिमा और बढ़ गई है अतिथियों की उपस्थिति से। पूजा में शामिल अतिथि हैं- संजीत सिंह,सुमन देवी (भूतपूर्व पार्षद),धर्मेंद्र गिरी,विजय बहादुर व सच्चिदानंद तिवारी इन गणमान्य लोगों की उपस्थिति से आदर्श दुर्गा पूजा समिति के आयोजन को और भी सम्मान और प्रतिष्ठा मिली है।

आदर्श दुर्गा पूजा समिति धुर्वा टंकी साइड ने इस बार सोमनाथ मंदिर के रूप में एक भव्य पंडाल तैयार किया है। पंडाल के ऊपर भव्य शिवलिंग बनाया गया है, जो बहुत आकर्षक है। समिति के अध्यक्ष भोला झा ने बताया कि पंडाल का निर्माण बांस के स्ट्रक्चर और टोकरी से किया गया है, जो बहुत रचनात्मक है। मुख्य आकर्षण 1100 दीपों के साथ महिलाओं द्वारा की जाने वाली आरती होगी, जो बहुत भक्तिमय होगी। महाअष्टमी और नवमी को महाभोग का वितरण किया जाएगा, जो सभी भक्तों के लिए एक बड़ा आकर्षण होगा। समिति सभी माता रानी के भक्तों का स्वागत करती है और उन्हें पूजा और आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती है। जय माता दी!

## झारखंड में एसयूडी लाइफ का स्वास्थ्य शिविर



**रांचीः** स्टार यूनियन दाई-इची (एसयूडी) लाइफ बीमा ने झारखंड में बीमा जागरूकता अभियान चलाते हुए बैंक ऑफ इंडिया व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 30 शाखाओं में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए। इनमें 2,000 से अधिक लोगों ने ब्लड शुगर, रक्तचाप व ऑक्सीजन स्तर जैसी जांच करवाई। शिविरों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) की जानकारी दी गई और पुस्तिकाएँ वितरित की गईं। एसयूडी लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभय तिवारी ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य बीमा को अधिक सुलभ बनाना और परिवारों को दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करना है।

## थाना हाजत में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी :** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां थाना हाजत में एक युवक की मौत हो गई। युवक को देर रात पुलिस ने हिरासत में लिया था। बताया जा रहा है कि युवक पर मुरहू क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग लड़की से दरिंदगी का प्रयास करने का आरोप था। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। इसके बाद उसे मुरहू थाना लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने शुरू की जांचः घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी मुरहू थाना पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# दलादिली चौक दुर्गा पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन
## सप्तमी पूजा के साथ खुला पंडाल का पट

मेट्रो रेज

**रांचीः** शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगडी प्रखंड अंतर्गत रिंग रोड दलादिल चौक दुर्गा पूजा के पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि लाल धर्मराज नाथ शाहदेव उर्फ पिंकू लाल एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के साथ वरिष्ठ संरक्षक जनार्दन ओझा, ललित मुंडा एवं रातु के पूर्व प्रमुख सुरेश मंडा द्वारा धूमधाम से फीता काटकर किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष सुधीर महतो, सचिव अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय राय, सह कोषाध्यक्ष रामाशीष शर्मा, अशोक दुबे, उपाध्यक्ष रितेश सिंह, प्रदीप कुजुर, उपसचिव



बिरसु मुंडा, ओमेश्वर ओझा,बाबू शंभू सिंह, रामभरोस महतो, वैभव दुबे, अमरदीप कुमार, राजू मुंडा, निरंजन भगत, राजेश दुबे के साथ कई अन्य समिति के सदस्यगण शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लाल धर्मराज नाथ शाहदेव की विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार सिंह ,संरक्षक जनार्दन ओझा ,ललित मुंडा , सुरेश मुंडा ने संयुक्त रूप से समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का तथा भारतीय संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है जो, समाज को जोड़ता है। वहीं समिति के अध्यक्ष सुधीर महतो व सचिव अभिषेक मिश्रा ने बताया कि हम लोगों के द्वारा बीते कई वर्षों से पंडाल के साथ दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। हम स्थानीय लोगों से उम्मीद करते हैं कि उनका अधिक से अधिक सहयोग और योगदान मिले, ताकि हमलोगों के द्वारा पूजा को और भव्य से भव्य और आकर्षक बनाया जा सके । उन्होंने कहा कि पंडाल का पट खुलते ही माता दुर्गा सहित अन्य देवी, देवताओं की पूजा अर्चना और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड पड़ी। उन्होंने कहा कि षष्ठी पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण एवं आकर्षक झांकी का आयोजन किया गया। सप्तमी पूजा के अवसर पर डांडिया नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चे गरबा एवं डांडिया उत्सव बड़े ही हर्ष के साथ झूम झूम कर मनाए। वही अष्टमी का संधि बलि के बाद नागपुरी डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा।

## बॉक्सिंग खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ महंगा पड़ेगाः गुलाम जावेद



**रांचीः** रांची जिला बॉक्सिंग संघ के कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि कुछ लोग व्यक्तिगत फायदा उठाने के लिए बॉक्सिंग खेल और उसके खिलाड़ियों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे है। खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। इस संबंध में बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी एक विज्ञप्ति जारी किया है।भारत में बॉक्सिंग खेल की एक मात्र मान्यता प्राप्त संघ बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया है इसी के एकमात्र इकाई झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन है। जिसे वर्ल्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है। ऐसे में कोई और यदि बॉक्सिंग की खेल को करवाता है तो उस तथा कथित खेल संघ द्वारा बॉक्सिंग खिलाड़ी के भविष्य को बर्बाद करने का जिम्मेवार होंगे। जावेद ने कहा जो लोग आज तथाकथित बॉक्सिंग संघ के झारखंड अध्यक्ष और सचिव कहला रहे है वो पिछले कुछ वर्षों पहले रांची जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव हुआ करते थे। जिन्होंने फर्जी रूप से झारखंड के बाहर के बॉक्सरों को पैसा लेकर खिलवाने का कार्य किया और झारखंड के खिलाड़ियों को खेलने से वंचित किया।और झारखंड के खिलाड़ियों का अधिकार छिनने का कार्य किए है। हरियाणा की महिला खिलाड़ियों ने प्रेस में अपना बयान भी दिया था। और बयान अखबारों में प्रकाशित भी हुआ था। जिस कारण झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन ने इनके सचिव को प्रतिबंधित कर काली सूची में डाला है। अब जब झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन या रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन ने इनको बाहर का रास्ता दिखाया है। ये लोग फर्जी रूप से बिना मान्यता के संस्था जो कभी हुआ करता था को फर्जी रूप से प्रयोग कर रहे है। जावेद ने कहा रांची जिला बॉक्सिंग संघ के कोई भी पदाधिकारी या कोच या खिलाड़ी इस 3 अक्टूबर को रांची में होने वाले बिना मान्यता प्राप्त बॉक्सिंग प्रो लीग के प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले और यदि कोई सम्मिलित होता है तो उसे झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के विरुद्ध समझा जाएगा और बॉक्सिंग संघ के ओर से त्वरित कारवाई किया जाएगा।

## जर्जर सड़कों को लेकर हिंदपीढ़ी वासियों का फूटा गुस्सा
# समस्या का समाधान नहीं होने पर होगा आन्दोलन

संवाददाता

**रांची :** बारिश से बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए हिंदपीढ़ी महापंचायत की बैठक अब्दुल हसीब की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न संगठनों के अलावा समाजसेवी भी शामिल हुए। इस मौके पर लोगों ने हिंदपीढ़ी के बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए नगर निगम और जिला प्रशासन को जमकर कोसा। समस्या के समाधान नहीं होने पर आन्दोलन का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि हमेशा विकास के नाम पर हिंदपीढ़ी क्षेत्र को ठगा जाता है। हिंदपीढ़ी के नाला रोड, सेंट्रल स्ट्रीट, नार्थ स्ट्रीट, थर्ड स्ट्रीट, जीटी रोड, खेत मोहल्ला, लाइन टैंक रोड की



स्थिति जर्जर है। हिंदपीढ़ी से कडरू जाने पूल के पास जल जमाव और नालियों के बजबजाने पर लोगों ने चिंता जताई। अनवर अंसारी ने कहा की मारवाड़ी कॉलेज के बगल में बसे इंदिरा विकास नगर में सड़क और नाली नहीं है। घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया की जल्द ही हिंदपीढ़ी महापंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त से मिलेगा और समस्याओं से अवगत कराएगा। बैठक में सज्जाद इदरीसी, मो. अनवर, हाजी फिरोज जिलानी, एजाज गद्दी, अब्दुल हसीब, साजिद उमर, जाहिद आलम, मो नौशाद, मो इम्तियाज, रिजवान गद्दी, असदुल्लाह, रवि मिंज, नदीम आलम, हाफिज इम्तियाज, हाफिज शोएब, हाजी जसीम, हैदर खान, अजीजूल अंसारी, शमीम इदरीसी, लड्डन गद्दी, नेजाम सोलंकी, मुस्ताक कुरैशी, सज्जाद तागला, राजिफ आलम, अशफाक बबलू, एस हबीबी, रोजन मल्लिक, रफीक रईन, मसीह तिर्की, परवेज सुल्तान सहित कई लोग शामिल थे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे** सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना

मण्डार विभाग ई–प्रोक्योरमेंट के द्वारा

निविदा सूचना संख्या: S/52/NWR/AII/2025/07 दिनांक: 24.09.2025

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर, भारत के राट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई–निविदा **www.ireps.gov.in** आमंत्रित कर रहे है निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैनुअल (ई–निविदा के अलावा) प्रस्ताव इन निविदाओं के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

| क्र.सं. | निविदा सं. | मद का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | यूनिट | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 52255548 | FIELD CONTROL UNIT MAIN GENERATOR. | 02 | नंबर | 28.10.2025 को 14:25 बजे तक |
| 2 | 52255573 | KIT FOR OVERHAULING OF GD. | 10 | सेट | 28.10.2025 को 14:25 बजे तक |
| 3 | 52255555 | KIT 6 YEARLY FOR WATER COOLED AIR COMPRESSOR. | 10 | नंबर | 28.10.2025 को 14:25 बजे तक |

(1) इच्छुक निविदाकर्ता हमारी बेवसाईट ireps.gov.in पर सामग्री का पूरा विवरण/ स्पेसिफिकेशन/ बयाना राशि/निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते हैं। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साइट पर रजिस्ट्रर्ड करें। (2) 50 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाईट ireps.gov.in पर जायें।

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 1234-AN/25

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## क्रिकेट में ऑपरेशन सिंदूर

**एशिया** कप में टीम इंडिया ने 9वीं बार ट्रॉफी जीती है। अपराजेय चैंपियन..! प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट अभिषेक शर्मा बने, जिन्होंने अप्रतिम, अभूतपूर्व 314 रन बनाए और कुछ शानदार कैच भी लपके। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रन ठोंक कर प्लेयर ऑफ दि मैच का सम्मान अर्जित किया। कुलदीप यादव कुल 18 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज आंके गए। मैच में वरुण चक्रवर्ती, बुमराह, अक्षर पटेल की गेंदबाजी ने भी मैच पलटे। ये सभी भारतीय युवा और हुनरमंद क्रिकेटर हैं। आज टीम इंडिया टी-20 की विश्व चैंपियन, नंबर वन और एशिया चैंपियन टीम है। एशिया कप का अंतिम मुकाबला वाकई रोमांचक, धडकनें बढ़ा देने वाला रहा। टीम इंडिया ने इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम को लगातार तीन बार रौंदा, नतीजतन पाकिस्तान की अवाम ही मजाक उड़ाने लगी है- इतना क्यों मारते हो डैडी? जब पता है कि इंडिया बाप है, तो उसके खिलाफ खेलते क्यों हो?गुहार गई, हार गई, फिर टीम हार गई। टीम इंडिया ने उसे 7 विकेट, 6 विकेट और 5 विकेट से पराजित किया। बेशक फाइनल में एक वक्त टीम पाकिस्तान एक विकेट खोकर 113 रनों की पहाड़ी चुनौती पेश कर चुकी थी। विशेषज्ञ आंक रहे थे कि पाकिस्तान 200 रन तक भी पहुंच सकता है, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अत्यंत सटीक, धारदार और रहस्यमयी गेंदबाजी कर शेष 9 विकेट मात्र 33 रनों पर ही बिखेर दीं। यह धोना, रौंदना नहीं हुआ, तो क्या है? बेशक भारत ने भी पहली तीन महत्वपूर्ण विकेट बहुत जल्द गंवा दीं। पूरे मैच के दौरान आंखें मूंदनी, फिर खोलनी पड़ीं, सांसें रुकती सी रहीं, निराश भी हुए, लेकिन चौका-छक्का लगता, तो उम्मीद बंधने लगती। रन गति 5-6 के बीच ही रही। अनिवार्य रनों का औसत बढ़ता रहा, लेकिन तिलक वर्मा ने, संजू और शिवम दुबे के साथ, कुछ खूबसूरत पारियां खेलीं। रिंकू सिंह के हिस्से एक ही गेंद आई, जिस पर उन्होंने जीत का चौका जड़ कर टीम इंडिया को एशिया का चैंपियन बना दिया। खेल के मैदान पर इससे भी रोमांचक पल तब सामने आए, जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों चैंपियनशिप की ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया। मोहसिन पाकिस्तान के गृहमंत्री और क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। टीम इंडिया ने स्पष्ट कर दिया कि वह हत्यारों और जंग छेड़ने वालों के हाथों चैंपियनशिप का सम्मान कबूल नहीं करेगी। काफी देर तक मैदान पर हाईवोल्टेज ड्रामा जारी रहा, टीम इंडिया को मनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन जो राष्ट्रवादी फैसला हमारे क्रिकेटरों ने आपसी विमर्श में लिया था, उस पर वे अडिग रहे। कप्तान सूर्य ने अपनी कुल फीस पहलगाम नरसंहार के पीड़ितों और सेना को समर्पित करने की घोषणा की। अन्य खिलाड़ियों के फैसले अभी सामने नहीं आए हैं, लेकिन ऐसा परिदृश्य सामने घूमने लगा कि ऑपरेशन सिंदूर की भावना और शहीदों के प्रति सम्मान क्रिकेट में भी जिंदा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने अकाउंट पर टिप्पणी की-ह्यखेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर,भारत इसमें भी जीत गया। बहरहाल एसीसी प्रमुख मोहसिन ने यह शर्मनाक हरकत की कि वह ट्रॉफी और खिलाड़ियों के पदक लेकर होटल चले गए। उस पर बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने भी कहा कि जंग छेड़ने वालों के हाथों हम ट्रॉफी नहीं ले सकते, लेकिन एसीसी अध्यक्ष ट्रॉफी और पदक लेकर भाग भी नहीं सकते। नवंबर में आईसीसी की बैठक है, जिसमें हम एसीसी अध्यक्ष की इस शर्मनाक हरकत का विरोध करेंगे। उम्मीद है कि ट्रॉफी और पदक हमें जल्दी ही मिल जाएंगे। बहरहाल टीम के खिलाड़ियो ने ट्रॉफी के बिना ही खूब जश्न मनाया। देश में शहर-दर-शहर रात भर जश्न की आतिशबाजियों की रोशनी और पटाखों की आवाज महसूस कराती रही कि हमने कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री के अलावा, राष्ट्रपति मुर्मू, गृहमंत्री अमित शाह और विपक्ष के कई नेताओं ने भी टीम इंडिया को चैंपियन बनने पर बधाई दी है। सचमुच यह खेल के मैदान में भी एक और शानदार सर्जिकल स्ट्राइक है। विजेता भारतीय टीम को बधाइयों का तांता लग गया है, जबकि पाकिस्तानी टीम को उसके प्रशंसकों ने खूब लताड़ लगाई है। पाकिस्तानी टीम का वहां पर बुरे तरीके से स्वागत किया गया।

## अब अति पिछडे

**पिछड़े,** अंततः, पिछड़े ही रहे हैं और संभवतः इसी हाल में रहेंगे। वे कभी अगड़े नहीं बन सकते, क्योंकि सरकारें ऐसा चाहती हैं। बिहार में चुनाव का वक्त आया है, तो फिर अति पिछड़ों की याद चली आई है। देश की आजादी के 78 लंबे सालों के दौरान पिछड़ों को आरक्षण का चुग्गा जरूर दिया जाता रहा है, लेकिन वह भी अति सीमित है, लिहाजा पिछड़े कभी भी अगड़े नहीं बन सकते। शायद यही उनकी नियति है। तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों को स्वीकृति देकर लागू किया था, तो पिछड़ों के कुछ नसीब खुले थे। अब एक बार फिर जातीय गणना और आरक्षण की घोषणाएं की गई हैं। कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि बिहार में उसकी सरकार बनी, तो सरकारी ठेकों में 50 फीसदी तक आरक्षण अति पिछड़ों को दिया जाएगा। निजी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए भी आरक्षण लागू किया जाएगा। पंचायतों और नगर निकायों में अभी तक जो 20 फीसदी आरक्षण है, उसे बढ़ा कर 30 फीसदी किया जाएगा। हम याद दिला दें कि जब 2005 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने अति पिछड़ों का एक अलग वर्गीकरण किया था और उन्हें पहली बार पंचायतों और नगर निकायों में 20 फीसदी आरक्षण की सुविधा दी थी। यही नहीं, उस दौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 40.05 करोड़ रुपए की राशि भी आवंटित की थी। नतीजतन तब से आज तक अति पिछड़े नीतीश के पक्ष में लामबंद रहे हैं। करीब 70-80 फीसदी तक मतदान भी जनता दल-यू के पक्ष में किया जाता रहा है। अब कांग्रेस ने कुछ घोषणाएं कर नीतीश के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। कांग्रेस ने अपने संकल्प-पत्र में यह भी वायदा किया है कि सरकार बनने पर वह अति पिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम भी पारित करेगी। बेशक नीतीश भी अपना वोट बैंक बचाए रखने को कुछ बड़ी आरक्षणनुमा घोषणाएं कर सकते हैं। वैसे आज प्रधानमंत्री मोदी के जरिए मुख्यमंत्री ने 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए प्रति, यानी 7500 करोड़ रुपए, योजना का शुभारंभ कराया है। बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ता, स्नातकों के लिए लैपटॉप आदि कई घोषणाओं की झड़ी लगी है। बहरहाल सवाल फिर भी यथावत है कि क्या ऐसी घोषित व्यवस्थाओं से अति पिछड़े अगड बन सकेंगे। हमारा अनुभव है कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं होगा। देश के कुछ आंकड़े प्रस्तुत हैं, जिनके लिए तमाम सरकारें दोषी और जिम्मेदार हैं। देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 2630 ऐसे पद आज भी रिक्त हैं, जिन पर अनुसूचित जाति, जनजाति और अति पिछड़े प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्तियां की जानी हैं। दिल्ली के एम्स अस्पताल में ही रेजिडेंट डॉक्टरों के ऐसे 730 पद खाली पड़े हैं, जो दलित, आदिवासी और अति पिछड़ों के लिए लगभग आरक्षित हैं, लेकिन नियुक्तियां नहीं की जा रही हैं। एक अनुमान है कि देश में 63 फीसदी से अधिक आबादी ओबीसी और अति पिछड़ों की है। इसे बिहार तक समेट कर न देखा जाए। संविधान के मुताबिक, पर्याप्त शिक्षा के बाद शीर्ष और बेहतर सरकारी पदों पर नियुक्तियां अति पिछड़ों का भी अधिकार है।

# जीएसटी में अभूतपूर्व सुधार

**क्या है जीएसटी :** जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स एक एकीकृत अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है। जीएसटी से पूर्व देश में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के अप्रत्यक्ष कर लगाए जाते थे, जिसमें बिक्री कर, राज्य उत्पाद शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवाकर, सीमा शुल्क और कई अन्य कर शामिल थे। इन सभी करों को एकीकृत कर एक ही टैक्स जीएसटी के रूप में लगाया गया। सभी करों को एकीकृत कर एक ही कर लगाने के प्रयास का हेतु यह था कि विभिन्न प्रकार के कर लगाने से करदाताओं और कर एकत्र करते हुए उसे सरकारी राजस्व में जमा करना कठिन होता था और उसको एकत्र करने की लागत भी अधिक आती थी।

**डा. अश्विनी महाजन**

**2017 में** प्रारंभ जीएसटी प्रणाली ने पिछले 8 वर्षों में बड़े उतार-चढ़ाव देखे हैं। लगभग एक दशक की चर्चा और डिबेट के बाद जीएसटी प्रणाली देश में लागू हुई थी। प्रारंभ से ही जीएसटी के बारे में चिंताएं, शंकाएं और अपेक्षाएं व्यक्त की जाती रही हैं। जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस इसकी आलोचना करती दिखाई देती रही और उनके प्रमुख नेता इसे ह्यगब्बर सिंह टैक्स

कहते रहे, और प्रारंभ में व्यापारी संगठन इससे जुड़ी कार्यान्वयन की समस्याओं को लेकर इसका विरोध करते दिखाई देते थे, बड़ी संख्या में अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ इसे एक बड़ा सुधार मान रहे थे। राज्य सरकारें और केंद्र सरकार भी इस नई कर प्रणाली को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थी। सरकार ने हालांकि जुलाई 2017 में इस प्रणाली को लागू तो कर दिया था, लेकिन प्रारंभ में इससे पर्याप्त राजस्व प्राप्त करने की प्रमुख चुनौती थी।

**क्या है जीएसटी :** जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स एक एकीकृत अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है। जीएसटी से पूर्व देश में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के अप्रत्यक्ष कर लगाए जाते थे, जिसमें बिक्री कर, राज्य उत्पाद शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवाकर, सीमा शुल्क और कई अन्य कर शामिल थे। इन सभी करों को एकीकृत कर एक ही टैक्स जीएसटी के रूप में लगाया गया। सभी करों को एकीकृत कर एक ही कर लगाने के प्रयास का हेतु यह था कि विभिन्न प्रकार के कर लगाने से करदाताओं और कर एकत्र करते हुए उसे सरकारी राजस्व में जमा करना कठिन होता था और उसको एकत्र करने की लागत भी अधिक आती थी। इसके अलावा विभिन्न करों को लगाने से

उदाहरण के लिए अलग-अलग स्तर पर कर लगाने के कारण एक ही वस्तु पर दो और कई बार दो से ज्यादा बार टैक्स देना पड़ता था। इसके कारण सरकार को राजस्व कम प्राप्त होता है, लेकिन वस्तु की कीमत टैक्स प्राप्ति से कहीं ज्यादा बढ़ जाती थी। इस अनपेक्षित प्रभाव को कैसकेंडिंग प्रभाव भी कहते हैं। राजस्व प्राप्ति के स्रोत के रूप में सामान्य तौर पर अप्रत्यक्ष करों को इसलिए सही नहीं माना जाता, क्योंकि इसे अमीर और गरीब सभी के द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर लगाया जाता है। इसलिए अप्रत्यक्ष करों को प्रगतिशील बनाने के लिए इसे लागू करते हुए विभिन्न वस्तुओं पर अलग-अलग कर लगाना जरूरी माना जाता है। उदाहरण के लिए जीएसटी की 0, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की पांच दरें लागू की गई। कृषि उत्पादों समेत कुछ आवश्यक वस्तुओं पर शून्य और अलग-अलग वस्तुओं पर अलग-अलग कर लगाए गए, जिसमें आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया। इसके बाद इसी तर्ज पर 12, 18 और 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया, जिसमें विलासिता की और हानिकारक वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाता रहा।

**कर दरें ज्यादा हों या कम :** सामान्य तौर पर चाहे किसी भी प्रकार का कर हो, अप्रत्यक्ष कर अथवा प्रत्यक्ष कर, सभी में प्रगतिशीलता लाने हेतु अलग-अलग दर पर कर लगाया जाता है। उदाहरण के लिए एक स्तर की आय तक शून्य और उसके बाद आय के परिमाण के आधार पर स्लैब बनाकर उन पर बढ़ती दरों पर आयकर लगाया जाता है। इसी प्रकार अप्रत्यक्ष करों में सामान्य जन अधिकांशतः निम्न आय वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर शून्य अथवा बहुत कम कर लगाया जाता है। इसी प्रकार जीएसटी लागू करते समय उसे अधिक प्रगतिशील बनाते हुए उसमें पांच दरें रखी गई थीं। इस समय से इस विषय में अर्थशास्त्रियों के मतभिन्नता देखने को मिलती रही। अर्थशास्त्रियों के एक वर्ग का कहना है कि इसे अधिक कुशल बनाने हेतु एक ही जीएसटी की दर होनी चाहिए। इस प्रकार की व्यवस्था सिंगापुर समेत कई देशों में है। लेकिन वे सभी विकसित देश हैं। लेकिन भारत जैसे देश में जहां असमानताएं अधिक विषम हैं, एक ही जीएसटी की दर अपनाना सही नहीं माना जा सकता, क्योंकि एक ओर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं जैसे दूध, दही, पनीर, पैकेज खाद्य पदार्थ, साइकिल और दूसरी तरफ महंगी कारों पर एक ही जीएसटी की दर को सही नहीं माना जा सकता। इसी कारण जीएसटी को प्रगतिशील बनाने हेतु शून्य सहित पांच दरें रखी गई थी। लेकिन एक विचार जो बार-बार व्यक्त किया जाता रहा कि अधिक दरें होने के कारण असमंजस अधिक होता है, विशेष तौर पर अंतिम वस्तु और अंतिम वस्तुओं की दरें भिन्न होने पर यह असमंजस और भी अधिक बढ़ जाता है। इसीलिए यह माना गया कि अधिक दरें जीएसटी प्रशासन में एक कुशलता का कारण बनती हैं। लेकिन जीएसटी में प्रगतिशीलता बनी रहे, इसके लिए उसमें शून्य के अतिरिक्त न्यूनतम दो तरह दरें सही हैं। ऐसा लगता है कि इसी सिद्धांत पर आधारित 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो दरें रखने का निर्णय हुआ है। इसके साथ ही साथ यदि सामान्य रूप से विलासिता की वस्तुएं जैसे अत्यधिक महंगी कारें, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तुएं जैसे काबोर्रेटेड पेय पदार्थ, सिगरेट, गुटका आदि उत्पादों पर विशेष दर पर जीएसटी लगाया गया है।

अनेक उत्पाद जिन पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था, उन्हें अब शून्य की श्रेणी में लाया गया है। इनमें अधिकांश दुग्ध उत्पादों सहित खाद्य पदार्थ हैं। इसके अतिरिक्त कई उत्पाद जिन पर पूर्व में 12 और 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था, अब 5 प्रतिशत की श्रेणी में आ गए हैं। ऐसे उत्पाद जिन पर पूर्व में 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था, अब 18 प्रतिशत की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कहा जा सकता है कि जीएसटी की दरों में भारी कमी हुई है। इसी प्रकार जीएसटी की दरों को युक्तिसंगत बनाने का भरपूर प्रयास हुआ है।

जीएसटी सुधारों में गिरावट के पीछे की दृष्टि : हालांकि जीएसटी सुधारों से महंगाई में कमी आएगी और इसलिए यह एक लोकप्रिय कदम तो है ही, जीएसटी की दरों में कमी और उन्हें युक्तिसंगत बनाने के पीछे के उद्देश्यों को समझने की आवश्यकता है। सर्वप्रथम जीएसटी की दरों में गिरावट ऐसे समय पर आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के अधिकांश उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर दिया है। प्रधानमंत्री के 15 अगस्त के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से दिया गया भाषण और उसमें स्वदेशी के आग्रह को भी उसके साथ जोडकर देखा जा सकता है। जीएसटी दरों में कमी से देश में बने उत्पाद अब पहले से सस्ते हो जाएंगे, जिससे स्वदेशी उत्पादों का उपभोग तो बढ़ेगा ही, साथ ही साथ हमारे उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। दूसरे जीएसटी दरों में कमी से सामान्य उपभोग की वस्तुएं पहले से सस्ती होंगी, इससे मुद्रास्फीति में कमी होगी। मुद्रास्फीति में कमी का सकारात्मक प्रभाव आर्थिक ग्रोथ पर पड़ता है।

# अभी भारत के लिए दवा टैरिफ बेअसर

दरअसल भारतीय जेनेरिक दवाइयां अमेरिका के लिए लागत-बचत का एक अवसर है। लेकिन आशंका है कि ट्रंप रणनीतिपूर्वक आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों को भी टैरिफ के दायरे में ला सकते हैं। ऐसी आशंका के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में गिरावट भी आई है। विशेष रूप से फार्मा कंपनियों के शेयर मूल्य में बड़ी गिरावट दिखाई दी है। ऐसे में भारत को निर्यात तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए मूल्यवान फार्मा सेक्टर की डगर पर नीतिगत बदलावों के लिए तैयार रहना होगा। गौरतलब है कि भारत दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है ।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**हाल** ही में 26 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान करके एक बार फिर टैरिफ लगाने की ट्रंप श्रृंखला को आगे बढ़ा दिया है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। इससे पहले ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। फिलहाल ट्रंप के दवा टैरिफ का भारतीय फार्मा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं होगा। कारण यह कि भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली दवाओं में पेटेंट दवाओं का हिस्सा महज पांच फीसदी है और जेनेरिक दवाओं का हिस्सा 95 फीसदी है। उल्लेखनीय है कि दवा टैरिफ उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। ट्रंप ने यह साफ संकेत दिया है कि अगर किसी फार्मा कंपनी की अमेरिका में दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग में दिलचस्पी है तो उसे 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। साथ ही किसी कंपनी ने अमेरिका में अपना प्लांट लगाना शुरू कर दिया है तो उसे भी इस 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। कहा गया है कि इसका उद्देश्य दुनिया की बड़ी फार्मा कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है। इस फैसले का ज्यादा असर उन देशों पर पड़ेगा जहां की फार्मा कंपनियां अमेरिका को ब्रांडेड दवाओं का निर्यात करती हैं। इनमें आयरलैंड, जर्मनी और स्विट्जरलैंड जैसे देश प्रमुख हैं। गौरतलब है कि ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई और जेनेरिक दवाई में बड़ा अंतर है। ब्रांडेड दवाई वे दवाई होती हैं, जो मूल दवाई होती है जिसकी खोज किसी फार्मा कंपनी ने रिसर्च के बाद की होती है। इसे बनाने वाली कंपनी को एक तय समय जो कि आमतौर पर 20 साल का होता है, के लिए पेटेंट अधिकार मिल जाता है। इस दौरान कोई भी दूसरी कंपनी उस फॉमूर्ले का इस्तेमाल करके वह दवाई नहीं बना सकती। जबकि जेनेरिक दवाई वो दवाई होती है जो ब्रांडेड दवाई का पेटेंट खत्म होने के बाद बाजार में आती है। यह ब्रांडेड दवाई के समान फॉमूर्ले का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। चूंकि जेनेरिक दवाई का कोई नया पेटेंट नहीं होता, यह पहले से ही मौजूद फॉमूर्ले पर आधारित होती है, अतएव जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनियों को रिसर्च का खर्च नहीं उठाना पड़ता, इसलिए जेनेरिक दवाइयों की कीमत ब्रांडेड दवा के मुकाबले बहुत कम होती है। खास बात यह है कि भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक-तिहाई से अधिक है। निश्चित रूप से ट्रम्प ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाने का फैसला अमेरिका में दवा उत्पादन को बढ़ाने के लिए लिया है। ट्रम्प का दवाई टैरिफ अमेरिका फस्ट और मेक इन अमेरिका नीति का हिस्सा है। ट्रम्प का यह भी मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका ने यह देखा है कि अगर दवाई की सप्लाई चेन टूटती है तो अमेरिका में दवाओं की भारी कमी हो सकती है। ऐसे में ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाकर, अमेरिका की पूरी फार्मा सप्लाई चेन को सुरक्षित करने का कदम उठाया है। ट्रंप के द्वारा जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ नहीं लगाने के कुछ विशेष कारण भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में डॉक्टर रोगियों के लिए जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से करीब 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों के द्वारा बनाई गई जेनेरिक दवाइयां होती हैं। इतना ही नहीं जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं से 80 से 90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। ऐसे में अगर जेनेरिक दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लग जाता, तो जेनेरिक दवाओं की कीमत बहुत बढ़ जाती। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा बहुत महंगी हो जाती, और यह सीधे तौर पर ट्रंप के लिए नए घरेलू असंतोष का कारण बन सकता था।

दरअसल भारतीय जेनेरिक दवाइयां अमेरिका के लिए लागत-बचत का एक अवसर है। लेकिन आशंका है कि ट्रंप रणनीतिपूर्वक आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों को भी टैरिफ के दायरे में ला सकते हैं। ऐसी आशंका के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में गिरावट भी आई है। विशेष रूप से फार्मा कंपनियों के शेयर मूल्य में बड़ी गिरावट दिखाई दी है। ऐसे में भारत को निर्यात तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए मूल्यवान फार्मा सेक्टर की डगर पर नीतिगत बदलावों के लिए तैयार रहना होगा। गौरतलब है कि भारत दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है और इस समय भारत 200 से अधिक देशों को दवाइयों का निर्यात करता है। देश में 3000 से अधिक दवाई कंपनियां हैं और 10500 से अधिक क्रियाशील दवाई उत्पादक इकाइयां हैं। भारत दवाई उद्योग उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है और दवाई के मूल्य के मद्देनजर 14वें क्रम पर है। साथ ही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना और विभिन्न देशों के साथ हो रहे मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की बदौलत फार्मा क्षेत्र का कारोबार वर्तमान 55 अरब डॉलर के आकार से छलांगे लगाकर अगले दो साल में 130 अरब डालर तक पहुंच सकता है। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है, इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग भारत में ही होती है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय दवाई निमार्ता कंपनियों के द्वारा की जाती है। निश्चित रूप से ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाई पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ और आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों पर किसी भी प्रकार के टैरिफ की आशंका के बीच हमें कई बातों पर ध्यान देना होगा।

# धम्मपद: बुद्ध का मार्ग

**ओशो**

## चिंतन-मनन

**मनुष्य** ज्ञात और अज्ञात के बीच एक सेतु है। ज्ञात में सीमित रहना मूर्खता है। अज्ञात की खोज में जाना ज्ञान का आरंभ है। अज्ञात के साथ एकाकार होना ही जाग्रत, बुद्ध बनना है। बार-बार याद रखें कि मनुष्य अभी तक एक प्राणी नहीं बना है, वह रास्ते पर है, एक यात्री है, एक तीर्थ यात्री है। वह अभी घर पर नहीं है, वह घर की तलाश में है। जो सोचता है कि वह घर पर है, वह मूर्ख है, क्योंकि तब खोज बंद हो जाती है, तब खोज नहीं रहती। और जिस क्षण तुम खोज और तलाश करना बंद कर देते हो, तुम ऊर्जा का एक ठहरा हुआ कुंड बन जाते हो, तुम दुर्गंध देने लगते हो। तब तुम केवल मरते हो, तब तुम बिलकुल नहीं जीते।

जीवन बहने में है, जीवन नदी बने रहने में है, क्योंकि केवल नदी ही सागर तक पहुंचेगी। यदि आप एक स्थिर तालाब बन जाते हैं, तो आप कहीं नहीं पहुंच रहे हैं। तब आप वास्तव में जीवित नहीं हैं। मूर्ख जीता नहीं, वह केवल जीने का दिखावा करता है। वह जानता नहीं, वह केवल जानने का दिखावा करता है। वह प्रेम नहीं करता, वह केवल प्रेम करने का दिखावा करता है। मूर्ख एक दिखावा है। बुद्धिमान जीता है, प्रेम करता है, बुद्धिमान जिज्ञ-ासा करता है। बुद्धिमान तैयार रहता है, हमेशा तैयार, अज्ञात सागर में जाने के लिए। बुद्धिमान साहसी होता है। मूर्ख डरता है। जब बुद्ध मूर्ख शब्द का प्रयोग करते हैं, तो आपको इस शब्द के इन सभी अर्थों को याद रखना होगा। यह वह सामान्य अर्थ नहीं है जो बुद्ध मूर्ख शब्द को देते हैं। उनके लिए, मूर्ख का अर्थ है वह व्यक्ति जो मन में जीता है और मन के बारे में कुछ नहीं जानता, वह जो जानकारी में, ज्ञान में जीता है और जिसने ज्ञान का कुछ भी स्वाद नहीं लिया है, वह जो उधार का, अनुकरणात्मक जीवन जीता है, लेकिन अपने अस्तित्व में उठने वाली किसी भी चीज के बारे में कुछ नहीं जानता। मूर्ख से बुद्ध का तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो शास्त्रों से भलीभांति परिचित है, लेकिन जिसने सत्य का एक क्षण भी नहीं चखा है। वह एक महान विद्वान, बहुत विद्वान हो सकता है, वास्तव में, मूर्ख विद्वान होते हैं, उन्हें विद्वान होना ही पड़ता है क्योंकि अपनी मूर्खता को छिपाने का यही एकमात्र तरीका है। मूर्ख बहुत विद्वान होते हैं, उन्हें विद्वान होना ही पड़ता है, क्योंकि केवल शब्दों, सिद्धांतों, दर्शनों को सीखकर ही वे अपने भीतर के अज्ञान को, अपनी शून्यता को, यह विश्वास दिला सकते हैं कि वे भी जानते हैं। अगर मूर्खों को ढूंढना है।

## आपके पत्र

### लद्दाख में शांति कायम करना केंद्र का दायित्व

**लद्दाख** को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग के संदर्भ में हुए प्रदर्शन के लिए गृह मंत्रालय ने सोनम वांगचुक को जिम्मेवार ठहराया है। यह कदम युक्तियुक्त है। जब लद्दाख जे एंड के का हिस्सा था, तो कितना परेशान और उपेक्षित रहा। अब एकदम वह केंद्र शासित क्षेत्र है और पूर्णतया कानून-व्यवस्था केंद्र के हाथ है। किसी देखादेखी या विदेशी हाथ का प्रश्न नहीं उठता।

घाव देख मक्खियां तो आदतन जरूर आती हैं, पर उन्हें एकदम उड़ाकर घाव को नासूर बनने से बचाना केन्द्र का ही दायित्व है। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे कई केन्द्रशासित प्रदेश हैं, फिर इतनी बेचैनी लद्दाख को क्यों है। केन्द्र को हिंसक प्रदर्शनों पर रोक लगानी चाहिए और शीघ्र हल निकालना चाहिए।

**श्याम नारायण**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## आठवें दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की विशेष पूजा हुई



**साहिबगंज :** शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की विशेष पूजा की जाती है और इस दिन का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। इसी दिन हवन और कन्या पूजन का भी आयोजन किया जाता है। इसलिए शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को दुर्गा अष्टमी या महाअष्टमी के रूप में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन देवी दुर्गा के पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है।इस साल शारदीय नवरात्रि सामान्य रूप से 9 दिन की बजाय 10 दिन की हैं। नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हुई और एक अक्टूबर को समाप्त होंगी। इस वजह से भक्तों में यह भ्रम उत्पन्न हुआ है कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि वास्तव में कब है। आइए जानते हैं कि इस बार दुर्गा अष्टमी पूजा की सही तारीख क्या है और किस दिन इसे शुभ माना गया है।द्रिक पंचांग के अनुसार इस साल अश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि 29 सितंबर, सोमवार को शाम 4:31 बजे शुरू होगी और 30 सितंबर, मंगलवार को शाम 6:06 बजे समाप्त होगी। उदयातिथि के हिसाब से दुर्गा अष्टमी पूजा 30 सितंबर को की जाएगी। इसी दिन कन्या पूजन भी संपन्न होगा, क्योंकि अष्टमी के दिन श्रद्धालु कम से कम 9 कन्याओं को आमंत्रित करके उन्हें खीर, हलवा, पूरी खिलाते हैं।पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं और भेंट देते हैं। इस बार कन्या पूजन 30 सितंबर को अष्टमी और एक अक्टूबर को महानवमी पर किया जाएगा।ब्रह्म मुहूर्तः प्रातः 4:37 से 5:25 बजे स्नान और ध्यान के लिए उत्तमअभिजीत मुहूर्तः दोपहर 11:47 से 12:35 बजे कन्या पूजन का शुभ मुहूर्तः प्रातः 10:40 से 12:10 बजे तक होगी।

## हम लोग चार दिनों तक नाचेंगे, गाएंगे और मिठाईयां खाएंगे



**साहिबगंज :** दुर्गा पूजा की शुरूआत होते ही मंडरो प्रखंड के अंबाडीह संथाली गांव के आदिवासी ढोल, नगाड़ा झाल, मोर की पीची लेकर दुर्गा जी देखने जा रहे हैं।जिसमें आगे छोटे बच्चे घूंघरू की माला पहने हुए हैं । कोई माथे पर साफा पहना है तो कोई पगड़ी गांव के तल्लू टूडू ने बताया कि हम लोग चार दिनों तक नाचेंगे, गाएंगे और मिठाईयां खाएंगे अंबाडीह गांव के कारण बेसरा कहते हैं दुर्गा पूजा हम लोग का त्यौहार है इसलिए हम लोग दुर्गा पूजा नाचते गाते रहे हैं। यह कोई नया बात नहीं है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को बड़े ही धूम-धाम से मनाते आ रहे है।

## जाती सूचक गली देने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के कमल टोला निवासी कुश्ती खिलाड़ी एक नाबालिक बच्ची ने खेलो इंडिया खेलो कोच के ऊपर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, जाती सूचक गली देने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एससी एसटी थाना में शिकायत किया हैं। जिसमें बताया गया कि खेलो इंडिया खेलों के कोच प्रकाश सिंह बादल द्वारा नाबालिक बच्ची को मानसिक एवं जाति सूचक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके पहले भी कोच ने नाबालिक बच्ची के साथ मारपीट एवं गाली गलौज किया था।साथ ही जाति को लेकर टॉर्चर किया था।और रास्ते में भी कई बार गली गलौज करता हैं। थाना प्रभारी सन्नी बाड़ा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़िता ने अपने पांच भाई-बहन की सुरक्षा की गुहार लगाई

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के झगडू चौकी निवासी गुड्डू यादव की पत्नी सुनीता देवी अपने पांच बच्चों व पति को छोड़कर पड़ोसी के साथ भाग गई। सुनीता के पति कोलकाता में मजदूरी का काम करते हैं। गुड्डू की पुत्री रिशिका अपनी मां की भाग जाने एवं पड़ोसी द्वारा एट पत्थर चलाने गाली गलौज करने की शिकायत जिरवाबाड़ी पुलिस से किया है। जिसमें बताई की 25 सितंबर को पड़ोस के देवर प्रगन यादव के साथ भाग गई ।प्रगन की पत्नी हमारे घर में आकर ईट पत्थर चलती और वह गाली गलौज करती है। धमकी देती है कि तुम्हारे पिता घर आएंगे तो उसे जान से मार देंगे। पीड़िता ने अपने पांच भाई-बहन की सुरक्षा की गुहार लगाई हैं।

## दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति की कामना की



साहिबगंज : शहर के दहला मास्टर कॉलोनी में सोमवार को सेवानिवृत शिक्षक मुरलीधर ठाकुर उम्र 75 वर्ष के निधन होने पर नाई समाज की ओर से शोकसभा सेवानिवृत शिक्षक सह समाजसेवी शंभुनाथ ठाकुर के अध्यक्षता में आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति की कामनाकी शहर के जाने माने साहित्कार, कवि,शिक्षाविद के निधन पर शहर के कई समाजसेवी,राजनीतिक एवं गैर राजनीतिक दल के लोग भी उनके तस्वीर पर पुष्पअर्पित कर शोक व्यक्त किया.मौके पर रामजी ठाकुर,रविन्द्रनाथ ठाकुर,मुन्ना ठाकुर,सिकंदर ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर,राजेश ठाकुर,रवि ठाकुर,शशी ठाकुर,गुडडू ठाकुर,निशांत प्रशांत,भवेश नारायण ठाकुर,संजीव ठाकुर,हर्ष ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जामताड़ा में दूसरे का मकान दिखाकर सेवानिवृत्त कर्मचारी से 89 लाख की ठगी, छह आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**जामताड़ा :** पुलिस ने एक गिरोह का पदार्फाश किया है जो अवैध तरीके से दूसरे के मकान को अपना मकान बताकर उसे बेचने के नाम पर ठगी कर रहे थे. पुलिस ने फजीर्वाड़ा करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों ने दूसरे का मकान दिखाकर एक सेवानिवृत्त कर्मचारी से 89 लाख रुपए ठग लिए, जिसमें एक महिला ठग भी शामिल है.

ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह के 6 लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में घनश्याम महतो, विक्रम महतो, पंचानन दास, टुंपा सरखेंल, परिमल कुमार, जीसू सरकार है, जो दूसरे के मकान के मालिक बनकर लोगों को ठगने का काम करते थे.

89 लाख की ठगी

पकड़े गए 6 आरोपियों के बारे में पुलिस ने बताया कि जामताड़ा में एक मकान जो कोलकाता के रहने वाले समीर नाम के व्यक्ति का है, को दिखाकर बेचने के नाम




पर फजीर्वाड़ा कर रहे थे.

दरअसल, पीड़ित मुकेश रवानी देवघर के रहने वाले हैं. वे एक रिटायर्ड कर्मचारी हैं. रिटायर्ड होने के बाद जामताड़ा में एक मकान लेने की तलाश में थे. इसी दौरान रिटायर्ड कर्मचारी का गिरोह के सदस्य घनश्याम महतो और विक्रम महतो से संपर्क हो गया. दोनों ने जामताड़ा स्टेशन के पास एक बना हुआ मकान बेचने के लिए दिखाया, जो कोलकाता के रहने वाले समीर के नाम से है लेकिन गिरोह के द्वारा बताया गया कि इसका असली मालिक पंचानन दास है और उसके बेटे बहू और जीसू सरकार है. जिसके बाद सेवानिवृत्त कर्मचारी ने 84 लाख रुपए जीसू सरकार के खाते में ट्रांसफर कर दिए और बाद में सभी आरोपियों ने राशि आपस में बांट ली.

कैसे हुआ खुलासा

खाते में सारा रुपये देने के बाद जब मकान की रजिस्ट्री करने के बारी आई तो गिरोह के सदस्य आनाकानी करने लगे. जिसके बाद पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ जामताड़ा थाना में मामला दर्ज कराया. मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि जो मकान को दिखाकर पैसे लिए गए हैं दरअसल वो मकान, कोलकाता के रहने वाले समीर सरकार के नाम है. जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

सेवानिवृत कर्मचारी से 89 लाख की लूट

एसपी राजकुमार मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी चितरा और पीड़ित सेवानिवृत कर्मचारी देवघर के रहने वाले हैं. आरोपियों ने उनसे 89 लाख रुपए, दूसरे का मकान दिखाकर ठग लिए.

वहीं जामताड़ा एसपी ने आम लोगों से सतर्क रहने की अपील की है और गिरोह के द्वारा किसी से मकान और जमीन के नाम पर ठगी करने का काम किया गया है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस कार्रवाई करेगी.

बता दें कि जामताड़ा में जमीन दलाल और माफिया गिरोह काफी सक्रिय है, जो सरकारी जमीन जमाबंदी जमीन जो खरीद बिक्री भी नहीं की जा सकती है उसी जमीन को भी दलाल माफिया द्वारा खरीद बिक्री कर दिया जाता है. मिहिजाम के बुटबेरिया मौज के जमीन जो पुरातन पतित बोलकर दर्ज है. सरकारी जमीन को भी जमीन माफिया दलालों द्वारा बेच दिया गया, जिसका भी मामला दर्ज है. इसके बावजूद ऐसी घटना थमने का नाम नहीं ले रही है.

# सुख शांति और समृद्धि का त्योहार है नवरात्रि : विधायक

संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के टाउन हॉल में हेल्पिंग हैंड्स के द्वारा आयोजित डांडिया कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप मुख्य अतिथि राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा शामिल हुए. युवाओं की टोलियां अनुशासित ढंग से डांडिया/गरबा कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे।विधायक ने सभी को नवरात्रि की शुभकामना दी और माता,बहनों और युवाओं से अपील किया कि नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार को शांतिप्रिय और अनुशासित ढंग से मनाएं.सभी के जीवन में सुख,शांति और समृद्धि हो ऐसी शुभकामना दी.शांति प्रिया ढंग से त्योहार मनाना चाहिए और यह त्यौहार सुख शांति और समृद्धि का



है मैं अपने जिले वासियों के लिए ईश्वर से मंगल कामना करता हूं और युवाओं से अपील करता हूं कि आप अनुशासित रहे ईमानदार बने अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक करें और सफलता प्राप्त करें.इस प्रकार का इतना अच्छा आयोजन जो हो रहा है इसके लिए भी सभी को धन्यवाद देते हैं ऐसे कार्यक्रम बड़े शहरों में होते थे लेकिन अब अपने जिले में भी बहुत ही शानदार तरीके से हो रहा है.प्रमुख लोगों में विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो युवा जिला सचिव मो मारूफ उर्फ गुड्डू जी,कुमार दीपांशु सुनिधि कुमारी आनंद ठाकुर बलराम,लैला हरिन,रमेश कुमार,जय कुमार रिमझिम कुमारी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# दुनिया के लिए रोल मॉडल बना भारत बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट

**साहिबगंजः** बाल विवाह की दर में बेतहाशा गिरावट दर्ज की गई है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवाड्र्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि लड़कों में इस दर में 72 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए है। रिपोर्ट बताती है कि लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार 70 प्रतिशत का स्थान है जबकि राजस्थान व कर्नाटक में क्रम से 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। झारखंड के साहिबगंज जिले में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन मंथन ने जिला प्रशासन, पंचायतों और सामुदायिक सदस्यों के साथ बेहद करीबी समन्वय से काम करते हुए पिछले तीन वर्षों में साहिबगंज जिले में सैकड़ों से भी अधिक बाल विवाह रोकवाने के लिए प्रयास किए है। इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन सी-लैब ने तैयार किया है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। यह बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहा है। इस रिपोर्ट के नतीजों से उत्साहित मंथन के सचिव बिपलब महतो ने कहा, 'बाल विवाह के खात्मे के लिए अपने जिले में हम अग्रिम मोर्चे पर है और सरकार, प्रशासन व समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे है।हमारा हर कदम उस भविष्य की ओर ले जाता है जहां हर बच्चे को पढ़ने की सुविधा मिले और वह बड़ा होकर वो बने जो वो बनना चाहता है। यह रिपोर्ट इस बात पर मुहर लगाती है कि शिक्षा जागरूकता व कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए सबसे कारगर औजार है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है। रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2024 में शुरू हुए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में गैरसरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है।

# दहला दुर्गा स्थान मे शुरू हुई भव्य पूजा

## एसपी अमित कुमार सिंह ने फीता काट कर किया उद्घाटन

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के विभिन्न पूजा पंडालो मे मंदिर का पट खुलते ही मां के दर्शन को ले विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।वही साहिबगंज के दहला दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस बार श्रद्धालुओं के लिए भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल का आयोजन किया गया है।इसका उद्घाटन जिले के एसपी अमित



कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।मौके पर एसपी ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें उद्घाटन के बहाने मां का सेवा करने का मौका मिला है।पुलिस हर कदम पर आपके साथ है दुर्गा पूजा महोत्सव पूरे शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा की पूजा की भीड़-भाड़ को देखते हुए ट्रैफिक की व्यवस्था भी की गई है।दरअसल साहिबगंज में कई पूजा कमेटियों की ओर से भाभी पूजा पंडाल का आयोजन किया गया है।इसी कड़ी में दहला दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से देवघर के सुप्रसिद्ध बाबा के मंदिर का पूजा पंडाल यहां तैयार किया गया है जो श्रद्धालुओं के लिए खास तौर से आकर्षण का केंद्र है।वही पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुनील सिंह एवं महासचिव आनंद कुमार चौधरी ने बताया कि यहाँ 1948 से कमेटी की ओर से पूजा आयोजन की भव्य तैयारी की जाती है।अष्टमी के मौके पर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया है।दशमी को भव्य एवं आकर्षक विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।मौके पर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**दुमका :** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने दुमका स्थित श्रीअमड़ा फूलो-झानो चौक पर वीरांगना अमर शहीद फूलो-झानो की आदमकद प्रतिमा की साफ-सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया।

कार्यकताओं ने प्रतिमा को शुद्ध जल से धोकर श्रद्धापूर्वक स्वच्छ किया, साथ ही नये वस्त्र एवं पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। चौक-चौराहे एवं आस-पास के क्षेत्रों की भी व्यापक सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि वीरांगना फूलो-झानो जैसे अमर शहीदों की स्मृति को संरक्षित रखना और उन्हें सम्मान देना हम सबका कर्तव्य है। सेवा पखवाड़ा के माध्यम से स्वच्छता, सेवा और समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, डॉ.अंजुला मुर्मू, परितोष सोरेन, मनोज साह, मार्शल ऋषिराज टुडू, रूपेश मंडल, संतोष सोरेन,अमन राज एवं रामकृष्ण हेंब्रम सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

# ब्रह्मकुमारीज की 25वीं चैतन्य देवियों के भव्य झांकी का शुभारंभ

संवाददाता

**दुमका :** दुर्गापुजा की महासप्तमी के अवसर पर सोमवार को शहर के गांधी मैदान में आध्यात्मिकता और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, दुमका द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का 25वाँ आयोजन इस वर्ष रजत जयंती के रूप में भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा उपस्थित थे । उन्होंने राजयोगिनी बी.के. जयमाला दीदी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राजयोग जीवनशैली से आत्मा में अष्ट शक्तियों का उदय

स्वागत भाषण में राजयोगिनी बी.के. जयमाला दीदी ने झांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज की प्रस्तुत झांकियाँ केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को आत्म-जागृति का गहरा संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि देवी वास्तव में कोई दूरस्थ शक्ति नहीं बल्कि



हमारे भीतर विद्यमान दिव्य शक्तियों का प्रतीक है। जब आत्मा देह-अभिमान से मुक्त होकर संयम, सात्विकता, ब्रह्मचर्य और दिव्य गुणों को अपनाती है तभी उसका व्यक्तित्व देवी स्वरूप धारण करता है।

दीदी ने स्पष्ट किया कि देवी की आठ भुजाएँ सहनशीलता, संयम रखने की, परखने की, न्याय करने की ,निर्णय करने की , सामना करने की ,विस्तार को संकीर्ण करने की ,समेटने की , समायोजन करने की शक्ति, जैसी आंतरिक शक्तियों का प्रतीक हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसी आसुरी प्रवृत्तियों पर विजय पाकर ही आत्मा देवीत्व को प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम को संबंध करते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि चैतन्य देवियों की यह झांकी केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि समाज में सकारात्मकता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आयोजन समिति को इस अद्भुत पहल के लिए बधाई दी।

कलाकारों का शानदार अभिनय

इस बार की झांकी में दुर्गा के रूप में 19 वर्षों के अनुभव के साथ बी.के. रेखा ने अपनी दमदार प्रस्तुति दी। वहीं लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिकेय, गणेश और महिषासुर की भूमिकाएँ क्रमशः श्रेया कुमारी, खुशी कुमारी, दिशा भगत, काजल, तनु, राहुल मिर्धा, कुणाल केशरी और निर्मल ने निभाईं। मेकअप आर्टिस्ट मौसमी मुर्मू एवं पूजा कुमारी का कार्य विशेष रूप से सराहा गया।

विजयादशमी तक प्रतिदिन होगा आयोजन

बी.के. डॉ. पीयूष रंजन ने बताया कि यह भव्य झांकी विजयादशमी तक प्रतिदिन प्रदर्शित होगी। उन्होंने कहा कि दर्शक यहाँ केवल धार्मिक दर्शन ही नहीं करेंगे बल्कि सच्चा आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर परमपिता परमात्मा से जुड़ने का अवसर भी पाएंगे।

कार्यक्रम की सफलता में बंटी अग्रवाल, राजू अग्रवाल, कुंदन झा, रामानंद मिश्र, राधेश्याम वर्मा, प्रेम केशरी, संदीप कुमार जय बमबम, मनोज कुमार घोष, मुश्ताक अली, अर्जुन हरनानी, प्रेम प्रकाश, राम नारायण, दिवाकर, गणेश, रामप्रवेश, राजीव, मधुकर राय, बिनोद साह सहित ब्रह्माकुमारी परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

साथ ही सिविल सोसायटी के सौजन्य से प्याऊ की भी व्यवस्था की गई जिसका भी उद्घाटन उपायुक्त श्री सिन्हा के द्वारा किया गया ।



# पेरिस फैशन वीक में छाईं ऐश्वर्या राय, हीरों से जड़ी आस्तीनों वाली रॉयल आउटफिट में दिखाया दिलकश अंदाज

**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन ने एक बार फिर दुनिया को अपना दीवाना बना दिया। पेरिस फैशन वीक 2025 में उनकी ग्रेस और ग्लैमर से भरी उपस्थिति ने न केवल दर्शकों का ध्यान खींचा बल्कि यह साबित कर दिया कि वह अब भी ग्लोबल आइकन के रूप में खास पहचान रखती हैं। इस शो से अब ऐश्वर्या की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं, जिन पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।

रॉयल ब्लैक अवतार में ऐश्वर्या रायः रैंप पर ऐश्वर्या ने ब्लैक कलर का रॉयल आउटफिट पहना, जिसकी खासियत थी- हीरों से जड़ी आस्तीनें और बारीक कढ़ाई वाली बैक। इस आउटफिट को उनके बड़े हीरे और पन्ने वाले ब्रोच ने और भी भव्य बना दिया।

उनके क्लासिक रेड लिप्स ने पूरे लुक में बोल्डनेस और रॉयल्टी का अनोखा टच जोड़ा। कैमरों के सामने उनका आत्मविश्वास और

रैंप वॉक के दौरान ऐश्वर्या ने ऐसी अदाएं दिखाई, जिस पर हर कोई फिदा हो गया। वॉक के बाद ऐश्वर्या ने इंटरनेशनल सुपरमॉडल्स और एक्ट्रेसेज के साथ मंच शेयर किया। वहां उन्होंने न केवल दिल खोलकर मस्ती की बल्कि शानदार तस्वीरें भी क्लिक कराईं।

**ऐश्वर्या राय बच्चन की ग्लोबल पहचानः** ऐश्वर्या राय बच्चन पिछले कई सालों से इस लग्जरी ब्यूटी ब्रांड का अहम हिस्सा रही हैं। वह अक्सर कान्स फिल्म फेस्टिवल और पेरिस फैशन वीक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनकी हर एंट्री को लेकर दर्शकों और फैशन प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जाता है। इस बार भी ऐश्वर्या ने अपनी एलीगेंस, स्टाइल और करिश्मा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## भूतिया हवेली, डरावनी लड़ाइयां, दिल दहला देगी प्रभाव की दि राजा साब



**रिबेल** स्टार प्रभास की आने वाली पैन-इंडिया हॉरर-फैंटेसी ड्रामा दि राजा साब का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पैन-इंडिया फिल्म दि राजा साब के ट्रेलर में मस्त हंसी, इमोशन और ड्रामा का भी तडका है। ट्रेलर की ओपनिंग में बमन ईरानी, प्रभास को हिप्नोटिज्म से कंट्रोल करते दिखते हैं-सीधा मिस्ट्री और टेंशन। फ्लैशबैक में दादी मां की मां दुर्गा से प्रार्थना, भूतिया हवेली, डरावनी लड़ाइयां और बैकग्राउंड म्यूज़िक सब मिलकर दिल दहला देते हैं। तभी एंट्री होती है संजय दत्त की झ खतरनाक अंदाज में झ जिसने तो रोंगटे खड़े कर दिए।

एंडिंग में ट्विस्ट, प्रभास का डबल रोल, असली राजा का राज-फैंस को और भी क्यूरियस कर गया। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 105 थिएटर्स में मासी स्क्रीनिंग झ फैंस के हल्ले, सीटियां, चीयर्स ने इसे पब्लिक फेस्टिवल बना दिया। निर्देशक मारुति ने कहा कि दि राजा साब हमारे लिए सिर्फ फिल्म नहीं, इमोशन है। प्रभास गरु ने जो एनर्जी दी है, वो स्क्रीन पर देखना ही अलग मजा देगा। हाल ही में इंट्रो सॉन्ग फिनिश हुआ। ये हमारे डार्लिंग सुपरस्टार के लिए प्यार का तोहफा है। निमार्ता टीजी विश्व प्रसाद ने कहा कि इंडिया का सबसे बड़ा हॉरर सेट, सबसे दमदार कास्ट और प्रभास, हमारा टारगेट हमेशा एक अनफॉरगेटेबल पैन-इंडिया स्पेक्टेकल बनाना था। ट्रेलर पर इतना प्यार देखकर हमें यकीन हो गया है कि असली जादू 09 जनवरी को होगा। टीजी विश्व प्रसाद और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बनी मेगा-एंटरटेनर द राजा साब पांच भाषाओं तेलुगु, हिन्दी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। इस फिल्म में प्रभास के संजय दत्त, जरीना वहाब, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी और ऋद्धि कुमार की भी अहम भूमिका है।



## थलापति विजय की रैली में भगदड़ की घटना के बाद ऋषभ शेट्टी का बड़ा फैसला रद्द किया 'कांतारा चैप्टर 1' का इवेंट

**तमिलनाडु** के करूर में तमिलगा वेत्री कझगम प्रमुख और सुपरस्टार थलापति विजय की रैली में हुई भगदड़ की घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस घटना में करीब 41 लोग मारे गए और कई लोग घायल हो गए, जिसके बाद थलापति विजय को धमकियां मिलने लग गईं। वहीं, इस बड़ी दुखद घटना के बाद सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने अपने आगामी कार्यक्रम को लेकर बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, ऋषभ शेट्टी जल्द ही फैंस के लिए फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' लेकर आ रहे हैं, जिसका 30 सितंबर को चेन्नई में एक प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। हालांकि, थलापति विजय की रैली में भगदड़ की घटना के बाद कांतारा के निमार्ताओं ने ये इवेंट रद्द करने का फैसला किया है। फिल्म के निर्माता, होम्बले फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी कर भगदड़ की घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के प्रति अपना दुख व्यक्त किया। बयान में कहा गया है, 'हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को देखते हुए, हमने कल चेन्नई में होने वाले अपने कांतारा चैप्टर 1 प्रचार कार्यक्रम को रद्द करने का फैसला किया है। हमारा मानना ??है कि यह प्रभावित लोगों के साथ चिंतन और एकजुट रहने का समय है। हमारी गहरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। हम आपकी समझ और सपोर्ट के लिए आभारी हैं और हम तमिलनाडु में अपने दर्शकों से उचित समय पर मिलने जरूर आएंगे।'

**'कांतारा चैप्टर 1' के बारे :** ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित, होम्बले फिल्म्स के तहत विजय किरागंदूर और चालुवे गौड़ा द्वारा निर्मित, 'कांतारा चैप्टर 1', 2022 की हिट फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## अरबाज खान की बीवी शूरा खान का हुआ ग्रैंड बेबी शावर, पूरे खान परिवार और दोस्तों ने बढ़ाई रौनक

**बॉलीवुड** एक्टर और प्रोड्यूसर अरबाज खान और उनकी दूसरी पत्नी शूरा खान बहुत जल्द माता-पिता बनने वाले हैं। इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए मुंबई में शूरा का ग्रैंड बेबी शावर रखा गया, जिसमें खान परिवार के लगभग सभी सदस्य और उनके करीबी दोस्त शामिल हुए। पूरा माहौल बेहद खुशियों से भर गया था।

बेबी शावर में शूरा खान ने येलो कलर का ऑफ-शोल्डर गाउन पहना। ड्रेस ढीला और बेहद स्टाइलिश था, जिसमें उनका बेबी बंप और भी खूबसूरत लगा। उनका यह लुक सभी का ध्यान खींच रहा था और चेहरे पर झलक रही खुशी उनकी प्रेग्नेंसी ग्लो को और निखार रही थी।

अरबाज-शूरा की ट्विनिंगः अपनी पत्नी का साथ अरबाज खान भी येलो शर्ट और व्हाइट पैंट में दिखाई दिए। दोनों का ट्विनिंग लुक सबको खूब पसंद आया। इस दौरान दोनों ने मीडिया के लिए मुस्कुराते हुए पोज दिए।

वहीं, अरबाज खान के भाई सलमान खान भी टाइट सिक्योरिटी के बीच उनके सेलिब्रेशन में शामिल हुए।

जन्नत जुबैर अपने भाई अयान के साथ इस सेलिब्रेशन का हिस्सा बनीं। उनके साथ पोज देती हुईं निया शर्मा भी काफी ग्लैमरस दिखीं।

सलमान खान की करीबी और उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड लूलिया वंतूर भी शूरा के बेबी शॉवर में पहुंचीं। उन्होंने फ्लोरल प्रिंटेड ब्लेजर और पैंट कैरी किया था, जिसमें वो बेहद एलिगेंट दिख रही थीं।

अरबाज की भांजी अलीजा अग्निहोत्री व्हाइट मिनी ड्रेस में स्पॉट की गईं। उनका स्टाइलिश लुक सबको भा गया। सलमान की सौतेली मां हेलेन हमेशा की तरह क्लासी अंदाज में नजर आईं। उन्होंने ऑफ-व्हाइट सूट कैरी किया था। अरबाज की बहन अर्पिता खान कैजुअल लुक में पहुंचीं जबकि अलवीरा खान अपने पति अतुल अग्निहोत्री के साथ प्रिंटेड सूट में नजर आईं।खान परिवार के बच्चों ने भी पैपराजी को खूब पोज दिए। कजिन्स के बीच की दोस्ती और प्यार साफ झलक रहा था। वहीं सोहेल खान अपनी बेटी अलीजा और मां सलमा खान के साथ पोज देते दिखाई दिए। इस दौरान लूलिया वंतूर समेत कई मेहमान भी उनके साथ फ्रेम में कैद हुए।

# आईसीसी से नकवी की शिकायत करेंगे, ट्रॉफी विवाद पर बीसीसीआई ने पीसीबी प्रमुख को सुनाई खरी-खोटी

**दुबईः** एशिया कप का फाइनल जीतने के बावजूद भारतीय टीम को ट्रॉफी नहीं मिल पाई, क्योंकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत विरोधी बयानों के लिए जाने जाते हैं। भारत ने इसकी घोषणा काफी पहले ही कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद नकवी ट्रॉफी वितरण समारोह के दौरान स्टेज से नहीं हटे। अब बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारतीय टीम का यह कदम पूरी तरह सही था और बोर्ड इस मामले को लेकर नवंबर में होने वाली आईसीसी की बैठक में बहुत मजबूत विरोध दर्ज कराएगा। सैकिया ने कहा, जहां तक ट्रॉफी का सवाल है, भारत उस व्यक्ति से ट्रॉफी नहीं ले सकता जो हमारे देश के खिलाफ युद्ध छेड़े बैठा है। हमने ट्रॉफी नहीं ली, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई इसे और मेडल्स को अपने होटल ले जाए। यह बचकाना व्यवहार है और हम इसका विरोध करेंगे।

**अक्खा दुनिया एक तरफ और मेरा इंडिया एक तरफ :** एशिया कप जीतने के बाद टीम इंडिया के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने मोहसिन नकवी को ट्रोल किया है। वरुण ने 29 सितंबर की सुबह अपने एक्सअकाउंट पर कुछ तस्वीर शेयर कीं। एक तस्वीर में वह



बिस्तर पर लेटे हुए थे और साइड टेबल पर चाय का कप रखा हुआ था। वरुण चक्रवर्ती की ओर से शेयर की गई एक अन्य तस्वीर में भारतीय खिलाड़ी पोडियम पर काल्पनिक रूप से एशिया कप ट्रॉफी को उठाते दिख रहे हैं। वरुण ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, अक्खा दुनिया एक तरफ और मेरा इंडिया एक तरफ। जय हिंद।

**ड्रेसिंग रूम में शिवम दुबे इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच :** तिलक वर्मा ने रविवार को एशिया कप फाइनल में गरदा उड़ा दिया। उन्होंने इंडिया वर्सेस पाकिस्तान खिताबी मुकबाले में अर्द्धशतकीय पारी खेली। तिलक ने मुश्किल हालात में 53 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाए और भारत को चैंपियन बनाकर लौटे। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हालांकि, भारतीय ड्रेसिंग रूम में दिया जाने वाला इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड तिलक के हिस्सा में नहीं आया। ड्रेसिंग रूम में यह अवॉर्ड ऑलराउंडर शिवम दुबे को मिला। उन्होंने गेंद और बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन किया। बीसीसीआई ने सोमवार को फाइनल में इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड विनर की घोषणा की। 32 वर्षीय दुबे ने अवॉर्ड जीतने के बाद कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। गौती भाई और कप्तान का शुक्रिया।

**संजू सैमसन भारत के लिए एक टी-20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले विकेटकीपर :** एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने 21 गेंदों में 24 रन बनाए। ये पारी रनों के लिहाज से बहुत बड़ी नहीं थी, लेकिन बहुत इम्पैक्टफुल पारी थी, क्योंकि जब संजू सैमसन बल्लेबाजी के लिए आए उस समय स्कोर 20/3 था। इसी दौरान उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। संजू सैमसन अब भारत के लिए किसी एक टी-20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में संजू सैमसन ने महान विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी और तूफानी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को पीछे छोड़ दिया है। धोनी और पंत ने एक टी20 मल्टीनेशन टूर्नामेंट में 6-6 छक्के लगाए थे, जबकि संजू सैमसन ने टी20 एशिया कप 2025 में सात छक्के लगाकर उनको पीछे छोड़ दिया। फाइनल में संजू के बल्ले से एक छक्का निकला।

## जिसने मुझे सिनेमा के बारे में सबकुछ सिखाया

**एक्टर** रणबीर कपूर ने अपने अभिनय की शुरूआत 2007 में रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से की थी और अब वह 18 साल बाद आगामी फिल्म लव एंड वॉर के लिए भंसाली के साथ काम कर रहे हैं। यह फिल्म 20 मार्च 2026 को रिलीज होगी। इसमें रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ नजर आएंगे। अपने 43वें जन्मदिन के मौके पर सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लाइव आए रणबीर कपूर ने अपने को-स्टार्स और निर्देशक के बारे में बात की।

रणबीर कपूर का कहना है कि फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने उन्हें सिनेमा के बारे में सब कुछ सिखाया है और अभिनय की कला के बारे में वह कुछ जो भी जानते हैं उसका पूरा श्रेय भंसाली को जाता है।

उन्होंने कहा, 'लव एंड वॉर' फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है और इसमें मेरे पसंदीदा दो कलाकार विक्की कौशल और मेरी पत्नी आलिया भट्ट हैं।

## निक-प्रियंका की फैमिली फोटोज पर फैंस ने लुटाया प्यार, मालती के चुलबुले अंदाज ने जीता सबका दिल



**ग्लोबल** स्टार प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपने फैंस को अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलक दिखाती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर सितंबर महीने से जुड़ी कुछ खास तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए, जो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गए। इन तस्वीरों में प्रियंका अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी संग क्वालिटी टाइम बिताती नजर आ रही हैं। प्रियंका के इस पोस्ट में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाला फोटो उनकी बेटी मालती मैरी का रहा, जिसमें नन्हीं मालती डांस करती दिखाई दीं। उनके क्यूट डांस मूव्स और मासूम अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर लोग उनकी प्यारी अदाओं की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस एलबम में प्रियंका अपनी दोस्त और एक्ट्रेस दीया मिर्जा के साथ भी नजर आईं। वहीं एक और फोटो में प्रियंका चोपड़ा एक्टर ईशान खट्टर के साथ पोज देती हुई दिखाई दीं।

पोस्ट की कुछ तस्वीरों में प्रियंका और निक अपनी बेटी मालती के साथ दिखाई दिए। एक फोटो में मालती अपने पापा निक और ताऊ के साथ मस्ती करती नजर आईं। इतना ही नहीं, इन तस्वीरों में प्रियंका और निक की रोमांटिक केमिस्ट्री भी देखने को मिली। एक फोटो में निक, प्रियंका को माथे पर किस करते दिखाई दिए। इस प्यारे मोमेंट ने फैंस का दिल जीत लिया। वहीं कुछ तस्वीरों में मालती पेड़ से फल तोड़ती नजर आईं, जो उनके छोटे-छोटे एडवेंचर्स की झलक दिखाता है।

# आईसीसी महिला विश्व कप 2025ः आज भारत की श्रीलंका से पहली जंग

## गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर बाद 3:30 बजे से खेला जाएगा मुकाबला

**गुवाहाटीः** मजबूत रिकार्ड के साथ प्रबल दावेदार के रूप में भारतीय महिला क्रिकेटर मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के पहले मैच में जीत हासिल करने उतरेगी। एकदिवसीय मुकाबलों की बात की जाए, तो भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 35 मैचों में से 31 में जीत हासिल की है। मेहमान टीम को केवल तीन मैच जीते हैं और एक बेनतीजा रहा है। इस साल शानदार फॉर्म में चल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना का बल्लेबाजी में दबदबा होगा। उन्होंने 14 मैचों में 66.28 की औसत से 928 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। जेमिमाह



रोड्रिग्स, हरलीन दियोल, दीप्ति शर्मा और प्रतीका रावल एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सक्षम टीम बनाती है। भारतीय गेंदबाजी की बात की जए, तो स्नेह राणा 4.97 की इकॉनोमी रेट से 21 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं।

रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा, सभी श्रीलंकाई बल्लेबाजों को रोकने और महत्त्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने में सक्षम है। वहीं, चामरी अटापट्टू की अगवाई में श्रीलंका इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश करेगा। उनकी उम्मीदें भरोसेमंद हर्षिता समरविक्रमा पर टिकी हैं, जिन्होंने इस साल आठ मैचों में 48.00 की औसत से 336 रन बनाए हैं। स्पिनर देवमी विहंगा उनकी बेहतरीन गेंदबाज रही हैं, उन्होंने चार मैचों में 11 विकेट लिए हैं। इन पर भारत के स्कोर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बरसापारा की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, इस पिच पर एकदिवसीय मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 300 रन होता है। बीच के ओवरों में स्पिनर को टर्न मिल सकता हैं।

**भारत—** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतीक रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, ऋचा घोष (विकेट कीपर), अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और रेणुका ङ्क्षसह ठाकुर।

**श्रीलंका—** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हर्षिता समाराविक्रमा, हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), पिउमी बदलगे, देवमी विहंगा, सुगंडिका कुमारी, इनोका राणावीरा और मल्की मदारा।

न्यूज ब्रीफ

## मेला देखने गये युवक की पीट पीटकर हत्या

**गोपालगंजः** बिहार के गोपालगंज जिले से दिल-दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पर मेला देखने गए एक युवक की अपराधियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के नगर थाना क्षेत्र के वीएम फील्ड के पास का है। मृतक युवक की पहचान मांझा थाना क्षेत्र के छितौनी गांव निवासी सुनील कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सुनील मेला देखने के लिए गया था। इस दौरान बदमाशों ने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल :** इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। हत्या की वजह पुराना विवाद बताया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच कर रही है। वहीं, इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवक की हत्या, खटाल में मिला शव

**जमुईः** बिहार के जमुई जिले से सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक 18 वर्षीय युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

**नशे का आदी था मृतकः** दरअसल, मामला जिले के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत सतगामा मोहल्ले का है। मृतक की पहचान सतगामा निवासी उपेंद्र रजक के पुत्र रोशन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदी था और रविवार की रात उसे कुछ दोस्तों के साथ देखा गया था। वहीं सोमवार को उसका शव घर से सटे खटाल में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। गले पर रस्सी के फंदे के गहरे निशान थे।

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मृतक के दोस्तों की तलाश में जांच में जुट गई है। उनको हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

## अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर खुशखबरी, मूडीज ने भारत पर भरोसा जताया, स्थिर रेटिंग कायम



**नई दिल्ली :** अमेरिका की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को भारत की साख पर अपना भरोसा बनाए रखा है। एजेंसी ने भारत की लॉन्ग-टर्म लोकल और फॉरेन करेंसी इश्यूअर रेटिंग को बीं3 पर बरकरार रखा है, साथ ही आउटलुक को स्थिर बताया है।

आसान शब्दों में इसका मतलब यह है कि मूडीज का मानना है कि भारत के पास अपने घरेलू और विदेशी कर्जों को चुकाने की मजबूत क्षमता है। इसके अतिरिक्त, बिना किसी गारंटी के लिए गए कर्ज (सीनियर अनसिक्योर्ड रेटिंग) को चुकाने की भारत की ताकत को भी बी3 पर स्थिर रखा गया है।

मूडीज ने अपने बयान में कहा कि भारत की तेजी से बढ़त्तीअर्थव्यवस्थाः मजबूत बाहरी आर्थिक स्थिति और घरेलू वित्तीय आधार की मजबूती के कारण यह रेटिंग दी गई है। ये कारक सरकार को मौजूदा राजकोषीय घाटे से निपटने में मदद करते हैं।

एजेंसी ने यह भी कहा कि भारत की ये ताकतें उसे अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च टैरिफ या अन्य वैश्विक नीतियों जैसी बाहरी चुनौतियों से बचाने में सहायक हैं, जो भारत के विनिर्माण क्षेत्र में निवेश को प्रभावित कर सकती हैं।

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत पर कर्ज का ऊंचा बोझ एक दीर्घकालिक वित्तीय कमजोरी है। अच्छी जीडीपी वृद्धि और धीरे-धीरे राजकोषीय मजबूती के बावजूद, इस कर्ज के बोझ को कम होने में समय लगेगा। रिपोर्ट के अनुसार, निजी खपत को बढ़ावा देने जैसे हालिया कुछ वित्तीय कदमों ने सरकार के राजस्व आधार को कमजोर किया है।

इससे पहले, 14 अगस्त को एक और प्रमुख एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भी भारत की सॉवरेन रेटिंग को बढ़ा दिया था।

इस बीच, एक अन्य सकारात्मक संकेत में, वैश्विक सलाहकार फर्म ईवाई (ए ) ने अपनी इकोनॉमी वॉच रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.7% कर दिया है। यह वृद्धि जून तिमाही में 7.8% की मजबूत जीडीपी ग्रोथ और जीएसटी सुधारों के कारण मांग में सुधार को देखते हुए की गई है। हालांकि, वैश्विक चुनौतियां भारत के निर्यात को प्रभावित कर सकती हैं, फिर भी ईवाई को वित्त वर्ष 2026 में 6.7% की मजबूत वृद्धि की उम्मीद है।

## तुफान बुआलोई से 19 लोगों की मौत, 88 घायल



**हनोईः** वियतनाम में तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढकर 19 हो गई है, जबकि 88 अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी मंगलवार को वियतनाम समाचार एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, 13 लोग अभी भी लापता हैं जबकि आठ अन्य से अभी संपर्क नहीं हो पाया है। एक लाख से अधिक मकान या तो क्षतिग्रस्त हो गए या उनकी छतें उड़ गईं जिनमें सबसे अधिक नुकसान मध्य हा तिन्ह प्रांत में हुआ जहां 78,800 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए।

वियतनामी प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह ने स्थानीय अधिकारियों एवं विभागों को प्रभावित लोगों की सहायता करने तथा तूफान के बाद की समस्या को कम करने के लिए तत्काल उपाय करने का निर्देश दिया। उन्होंने पांच अक्टूबर से पहले क्षतिग्रस्त शैक्षणिक एवं चिकित्सा सुविधाओं की मरम्मत का आदेश दिया। राष्ट्रीय जल-मौसम विज्ञान पूवार्नुमान केंद्र के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों तक अचानक बाढ़ एवं भूस्खलन जारी रहने का अनुमान है।

आईसीजी कॉन्फ्रेंस में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह-

# भविष्य की चुनौतियों से निपटने को अपनानी होगी नई तकनीक

### अब पूरी तरह बदल चुका है युद्ध का स्वरूप और प्रकृति

संवाददाता



**नई दिल्लीः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि युद्ध का स्वरूप अब पूरी तरह बदल चुका है और यह अब घंटों और सेकंडों में तय होने लगा है, न कि महीनों में। उन्होंने बताया कि उपग्रह, ड्रोन और आधुनिक सेंसरों ने युद्ध की प्रकृति को पूरी तरह बदल दिया है। इस बदलते माहौल में भारतीय तटरक्षक बल यानी आईसीजी को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और रणनीतियों को लगातार अपनाना होगा। 42वें आईसीजी कमांडरों के सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा कि साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अब सिर्फ कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है। कोई भी दुश्मन देश हमारे सिस्टम को मिसाइल से नहीं, बल्कि हैकिंग, साइबर हमलों और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग से पंगु बना सकता है। ऐसे हालात से निपटने के लिए आईसीजी को अपने प्रशिक्षण और उपकरण लगातार अपग्रेड करने होंगे। मंत्री ने कहा कि समुद्री खतरे अब बहुआयामी और तकनीकी आधारित हो गए हैं। पहले जो तस्करी या समुद्री डकैती के पैटर्न तयशुदा होते थे, अब वे जीपीएस स्पूफिंग, रिमोट-कंट्रोल नावों, एन्क्रिप्टेड संचार, ड्रोन और डार्क वेब नेटवर्क का इस्तेमाल करने लगे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकी संगठन भी अब डिजिटल मैपिंग और रीयल-टाइम इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक तरीके अब पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए आईसीजी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ड्रोन, साइबर-डिफेंस सिस्टम और ऑटोमेटेड रिस्पॉन्स मैकेनिज्म जैसे साधनों को अपनी रणनीति में शामिल करना होगा। तकनीकी निगरानी की जरूरत पर जोरः रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वचालित निगरानी नेटवर्क और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिस्टम बेहद जरूरी हैं, ताकि प्रतिक्रिया समय सेकंडों में तय किया जा सके। उन्होंने कहा कि 7,500 किलोमीटर लंबा तटीय इलाका और अंडमान-निकोबार व लक्षद्वीप जैसे द्वीप भारतीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती पेश करते हैं। इसके लिए प्रशिक्षित कर्मियों और आधुनिक तकनीक का होना अनिवार्य है। आईसीजी की उपलब्धियांः रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आईसीजी अब तक 1,638 विदेशी जहाजों और 13,775 विदेशी मछुआरों को पकड़ चुका है। बल ने 6,430 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए हैं, जिनकी कीमत करीब 37,833 करोड़ रुपए है। इसके अलावा आईसीजी ने जुलाई तक 76 खोज एवं बचाव मिशन चलाकर 74 लोगों की जान बचाई है। स्थापना से अब तक बल ने आपदा प्रबंधन अभियानों में 14,500 से अधिक लोगों की जान बचाई है।

## तालिबान ने महिलाओं की जिंदगी पर लगाए क्रूर प्रतिबंध, स्कूल, जिम और नौकरी सब कुछ बंद

**नई दिल्लीः** अफगानिस्तान में इंटरनेट और टेलीकॉम सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने के तालिबान के हालिया आदेश ने एक बार फिर दुनिया का ध्यान उनकी क्रूर नीतियों की ओर खींचा है। नेटब्लॉक्स के अनुसार पूरे देश में कनेक्टिविटी सामान्य स्तर से एक फीसदी से भी कम रह गई है जो एक पूर्ण ब्लैकआउट है। हालांकि अफगानिस्तान में इस तरह के प्रतिबंध कोई नए नहीं हैं। अगस्त 2021 में सत्ता में आने के बाद से ही तालिबान ने महिलाओं और लड़कियों पर व्यापक पाबंदियाँ लगाई हैं जिससे उनकी जिंदगी पूरी तरह सिमट गई है।

तालिबान राज में महिलाओं के छीने गए अधिकारः तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वतंत्रता से जुड़े अधिकार क्रमशः छीन लिए गए हैं।

**1. शिक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध :** छठी कक्षा के बाद पढ़ाई पर रोकः तालिबान ने सबसे पहले लड़कियों के लिए छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।

विश्वविद्यालयों में प्रवेश बंदः धीरे-धीरे उच्च शिक्षा तक उनके प्रवेश को बंद कर दिया गया। आज लाखों लड़कियां और युवतियां स्कूल-कॉलेज जाने से वंचित हैं।

**2. रोजगार के अवसरों पर ताला :** सरकारी और एनजीओ नौकरियों पर बैनः महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बंद कर दिए गए हैं। तालिबान ने गैर-सरकारी संगठनों और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े प्रोजेक्ट समेत कई क्षेत्रों में महिलाओं के काम करने पर रोक लगा दी।

हजारों कामकाजी महिलाओं की रोजी-रोटी छिन गई और वे घरों में कैद होकर रह गईं।

**3. ब्यूटी पार्लर और सार्वजनिक जीवन पर प्रतिबंध :** महिलाओं की सार्वजनिक उपस्थिति और स्वतंत्रता को सीमित करने के लिए कई कड़े नियम बनाए गए हैं:

**ब्यूटी पार्लर बंदः** जुलाई 2023 में तालिबान ने महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर बंद करने का आदेश दिया। यह हजारों महिलाओं के रोजगार का एकमात्र साधन था।

**पार्क, जिम और पब्लिक बाथहाउस पर रोकः** महिलाओं के पार्क, जिम और सार्वजनिक स्नानागार जैसी जगहों पर जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**पुरुष अभिभावक की अनिवार्यताः** यात्रा करने के लिए भी महिलाओं को अब पुरुष अभिभावक (पिता या पति) की आवश्यकता होती है जिसने उनकी स्वतंत्रता को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

**अंतरराष्ट्रीय आलोचना और तालिबान का तर्कः** संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने बार-बार तालिबान की नीतियों की कड़ी आलोचना की है क्योंकि ये सीधे तौर पर महिलाओं के बुनियादी अधिकारों का हनन हैं।

तालिबान का तर्क है कि ये प्रतिबंध उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक व्याख्या पर आधारित हैं।

हालांकि जमीनी हकीकत यह है कि आज अफगानिस्तान में लड़कियों की किताबें छिन चुकी हैं कामकाजी महिलाओं की रोजी-रोटी खत्म हो चुकी है और सामान्य जीवन जीने के अवसर लगातार सीमित हो रहे हैं जो अब इंटरनेट ब्लैकआउट के साथ चरम पर पहुँच गया है।



## पुंछ में सेना का जवान शहीद ग्रेनेड विस्फोट में गई जान

**जम्मूः** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिला के सुरनकोट इलाके में आज एक दुर्घटनावश ग्रेनेड विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरनकोट स्थित अपने शिविर में संतरी गार्ड की ड्यूटी पर तैनात एक जवान द्वारा आज ग्रेनेड को गलत तरीके से संभाले जाने के कारण यह विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि जवान की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है।

यूएस में भारत के टेररिस्तान कहने पर भड़का पाकिस्तान, कहा-

## हमारा नाम बिगाड़ रहे, यह देश का अपमान



**एजेंसी/न्यूयॉर्कः** संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत और पाकिस्तान के प्रतिनिधियों के बीच एक बार फिर तीखी जुबानी जंग देखने को मिली। इस बार विवाद की वजह बना भारतीय राजनयिक द्वारा पाकिस्तान के लिए इस्तेमाल किया गया शब्द टेररिस्तान , जिसे लेकर पाकिस्तान ने सख्त आपत्ति जताई और इसे देश का अपमान करार दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने 27 सितंबर को दिए गए भाषण में आतंकवाद पर खुलकर बात करते हुए, पड़ोसी देश का नाम लिए बिना उस पर आतंक का केंद्र होने के गंभीर आरोप लगाए।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तानी प्रतिनिधि मोहम्मद राशिद ने भारत के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि भारत अब इस हद तक गिर गया है कि वह हमारे देश के नाम को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है। टेररिस्तान कहना न सिर्फ अस्वीकार्य है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र का अपमान है। पाकिस्तानी राजनयिक ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां अन्य देशों में अस्थिरता फैलाने के काम में लगी हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत की गतिविधियां क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बन चुकी हैं। भारत बोला, पाकिस्तान की पहचान उसके कर्मों सेः पाकिस्तान के आरोपों का जवाब देते हुए भारतीय प्रतिनिधि रेन्ताला श्रीनिवास ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना दो टूक कहा कि पाकिस्तान की पहचान उसके कार्यों से ही होती है। कोई भी देश, चाहे जितना भी झूठ बोले, वह टेररिस्तान के अपराधों को छुपा नहीं सकता। श्रीनिवास ने कहा कि भारत का पड़ोसी देश न सिर्फ अपने आसपास के इलाकों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा बन चुका है। उन्होंने दोहराया कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है और आतंकवाद के खिलाफ पूरी ताकत से कार्रवाई करता रहेगा।

## हर दुकान पर लगना चाहिए स्वदेशी का बोर्ड, दिल्ली में बीजेपी ऑफिस के उद्घाटन पर पीएम ने कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी



नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली बीजेपी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में बीजेपी कार्यकताओं को खास जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कार्यकर्ता से कहा है कि उन्हें जागरूक रहने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मिनी इंडिया बसता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गर्व से कहो यह स्वदेशी है का बोर्ड हर दुकान पर लगना चाहिए। यह दायित्व भाजपा कार्यकर्ताओं का है। पीएम मोदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि जीएसटी का फायदा सामान्य व्यक्ति तक पहुंचे। जीएसटी पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 2014 से पहले अगर एक सामान्य परिवार अपनी रोज की जरूरतों पर साल में एक लाख रुपए अगर खर्च करता था, तो उसे करीब 25 हजार रुपए टैक्स देना पड़ता था। उन्होंने कहा कि हम 2017 में जीएसटी लेकर आए तो सामान सस्ते हुए, टैक्स भी कम हुआ और अब नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स के बाद एक लाख के खर्च पर उस परिवार को सिर्फ 5-6 हजार रुपए ही टैक्स देना पड़ेगा। इनकम टैक्स और जीएसटी इन दोनों को मिला लें, तो हर साल देशवासियों के करीब ढाई लाख करोड़ रुपए की बचत होने वाली है। पीएम ने कहा कि दिल्ली के लोगों की अपेक्षा को पूरा करने के लिए हम कठिन परिश्रम कर रहे हैं।

नेपाल की नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की बोलीं-

## तय समय पर ही होंगे आम चुनाव

**एजेंसी/ काठमांडूः** नेपाल की नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा कि उनकी अंतरिम सरकार देश में आम चुनाव तय समय पर कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता से शांति बनाए रखने और सरकार का सहयोग करने की अपील की। बता दें कि सुशीला कार्की ने 12 सितंबर को प्रधानमंत्री पद संभाला था। इससे पहले देश में कई दिनों तक राजनीतिक अस्थिरता बनी रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पद से हटाया गया था, क्योंकि उनकी सरकार के खिलाफ युवा वर्ग, खासकर जेन-जी समूह ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे।

पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

# सेना की गोलीबारी के बाद बेकाबू हुई भीड़, हजारों लोग सड़कों पर उतरे



**एजेंसी/इस्लामाबादः** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, यानी पीओके में लोगों का प्रदर्शन हिंसा में बदल गया है। सेना की गोलीबारी के बाद आम लोगों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हजारों नागरिक सडकों पर उतरकर पाकिस्तान सरकार और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पीओके से आ रही रिपोट्र्स के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने निहत्थे नागरिकों पर गोलीबारी भी की है, जिससे माहौल काफी बिगड़ गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें दशकों से राजनीतिक उपेक्षा, मानवाधिकार उल्लंघन और दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार झेलना पड़ रहा है।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक विशाल सरकार विरोधी प्रदर्शन हो रहा है, जहां अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) लंबे समय से वंचित राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की मांग को लेकर बंद और चक्का जाम हड़ताल कर रही है। इसके अलावा यह भी संभावना है कि अमरीका, ब्रिटेन और पूरे यूरोप जैसे देशों में पीओके प्रवासी समुदाय भी इस मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। एसीसी, जो एक नागरिक समाज गठबंधन है, उसका कहना है कि यह आंदोलन किसी संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि जनता के बुनियादी अधिकारों के लिए है, जिन्हें पिछले 70 सालों से छीन लिया गया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## 2 अक्टूबर को पशु वध एवं मांस-मछली की बिक्री पर रोक

**देवघर :** जिले में आगामी दिनांक 02 अक्टुबर 2025 को गाँधी जयन्ती के अवसर पर देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पर पशु वध एवं माँस-मछली की बिक्री पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेगी। ऐसे में सभी विक्रेताओं को आदेश दिया जाता है कि दिनांक 02.10.2025 को कोई भी व्यक्ति पशुवध एवं माँस-मछली की बिक्री नहीं करें, अन्यथा पकडे. जाने पर उनके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## दशहरा व गांधी जयंती को लेकर शराब पर पूर्ण प्रतिबंध

**देवघर :** गुरुवार को जिला की सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार, रेस्तरां एवं ख.र.इ.उछ (झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लि०) द्वारा संचालित थोक अनुज्ञप्ति परिसर तथा सभी देशी/विदेशी शराब की निर्माणशाला एवं कैंटीन उत्पाद प्रपत्र-21 की अनुज्ञप्ति परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं परिवहन करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## तंत्र विद्या के चक्कर में दोस्त का मर्डर

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के गोलमुरी के गाढ़ाबासा में सोमवार देर रात तंत्र विद्या के चक्कर में दोस्त की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक चापड़ भी बरामद किया है। मृतक अजय उर्फ झंटू एक पेंट दुकान में काम करता था।

जानकारी के मुताबिक,अजय उर्फ झंटू (22) के दोस्त संदीप को तंत्र विद्या में ज्यादा विश्वास है। वह सोमवार शाम को अजय को अपने साथ कमरे में ले गया और वहां शराब पिलाई। इसके बाद 12 बजते ही गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। स्थानीय लोग अजय की चीख सुनकर कमरे की ओर गए तो देखा कि अजय लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था।

इस दौरान हाथपाई में संदीप भी घायल हुआ है। स्थानीय लोगों ने संदीप को पकड़ लिया और सूचना पुलिस को दी। घायल अजय को टीएमएच पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हाल ही में अजय के पिता की भी हो गई थी।

## युवकों पर धारदार हथियार से हमला, टीएमएच में इलाजरत

**जमशेदपुर :** गोलमुरी थाना अंतर्गत हावड़ा ब्रिज के समीप मंगलवार तड़के दो युवकों पर धारदार हथियार चापड़ से हमला कर दिया गया। इस हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान भालूबासा निवासी आयुष शर्मा और साहिल शर्मा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, हमले से पहले आयुष और विवाद इतना बढ़ा कि उनमें से एक युवक ने अचानक चापड़ निकालकर दोनों पर हमला कर दिया। घायलों को टीएमएच ले जाया गया। फिलहाल दोनों युवकों की इलाज चल रहा है।

## जुर्माना देकर भी महिला बोगी पर चढ़ना नहीं छोड़ रहे पुरुष

**जमशेदपुर :** रेलवे प्रावधान के खिलाफ यात्रा करने पर जमाने का प्रावधान है लेकिन लोग महिला और दिव्यांग बोगी पर चढ़ने नहीं छोड़ रहे सोमवार रात भी टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने जांच अभियान चलाकर खड़गपुर लोकल ट्रेन की महिला से 9 पुरुष को पकड़ा जबकि दिव्यांग बोगी से तीन सामान्य यात्री धाराए हैं। रेलवे एक्ट के आरोपियों को टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने टिकट निरीक्षक के माध्यम जुमार्ना वसुलकर छोड़ा है।

## जेएफसी ने प्रतीक व अमृत का कांट्रैक्ट दो साल के लिए बढ़ाया

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने अपने सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी प्रतीक चौधरी और गोलकीपर अमृत गोप का कांट्रैक्ट अगले दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। जेएफसी प्रबंधन ने इसकी आधिकारिक घोषणा सोमवार को की। दोनों खिलाड़ियों के साथ जेएफसी प्रबंधन ने दो-दो साल का कांट्रैक्ट किया है। ये दोनों खिलाड़ी 2027 तक जेएफसी में अपना योगदान देंगे। प्रतीक चौधरी जेएफसी की रक्षापंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे। पिछले सीजन में प्रतीक चौधरी व स्टीफेन एजे की जोड़ी ने जेएफसी को डिफेंस में मजूबती प्रदान करते हुए टीम को आइएसएल के सेमीफाइनल तक पहुंचाया था। 35 वर्षीय प्रतीक ने अपने करियर में 137 से ज्यादा आइएसएल मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर एफसी, केरला ब्लास्टर्स, दिल्ली डायनामोज, मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी जैसे क्लबों का प्रतिनिधित्व किया है। वहीं, जमशेदपुर के स्थानीय खिलाड़ी अमृत गोप ने इस साल डूरंड कप में बेहतरीन गोलकीपिंग करते हुए जानकारों को प्रभावित किया है। दोनों खिलाड़ी के करार को बढ़ाए जाने के बाद जेएफसी के मुख्य कोच स्टीवन डायस ने कहा कि प्रतीक हमारी डिफेंस के लिए एक मजबूत स्तंभ रहे हैं और मैदान पर उनका नेतृत्व हमारे लिए महत्वपूर्ण है। दूसरी ओर अमृत ने खासकर डूरंड कप में, जबरदस्त क्षमता और आत्मविश्वास दिखाया है।

## आउटसोर्सिंग कंपनी के एवीपी पर फायरिंग मामले में चालक समेत चार लोग थे शामिल

**पुटकी :** मुनीडीह थाना अंतर्गत काली मंदिर के पास 27 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे इंदुकुरी माइनिंग कंपनी में एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट गोपाल सी रेड्डी पर की गयी फायरिंग रंगदारी मांगने को लेकर दहशत फैलाने के लिए की गयी थी। इसमें उनके चालक संजय कुमार राय (धीरेन मार्केट, मुनीडीह) व उसके तीन-चार साथी संलिप्त थे। यह जानकारी सोमवार को धनबाद डीएसपी (विधि- व्यवस्था) नौशाद आलम ने मुनीडीह ओपी में प्रेस कांफ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि संजय व उनके साथियों द्वारा इंदु कंपनी से रंगदारी व कुछ युवकों को रोजगार देने को लेकर दवाब बनाने और दहशत फैलाने की मंशा से कंपनी के एवीपी गोपाल सी रेड्डी पर फायरिंग की गयी थी। डीएसपी श्री आलम ने बताया कि अन्य फरार अपराधियों की पहचान तकनीकी जांच व मानवीय आधार से की गयी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुनीडीह, पुटकी, केंदुआडीह, लोयाबाद, जोगता, भागाबांध पुलिस की संयुक्त टीम बनायी गयी है। कई ठिकानों पर छापेमारी जा रही है। जल्द सभी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। डीएसपी श्री आलम ने बताया कि पूछताछ में चालक संजय ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि इस हमले में उसकी व उसके साथियों की संलिप्तता है। यह भी स्पष्ट किया कि इस घटना में किसी बाहरी गिरोह का हाथ नही है। पुलिस ने कांड संख्या 93/2025 बीएनएस की धारा 109/118(2) व 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। चालक संजय को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता में केंदुआडीह अंचल के इंस्पेक्टर जय प्रकाश महतो, पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन, मुनीडीह ओपी प्रभारी मनीता कुमारी, भागाबांध ओपी प्रभारी धर्मराज कुमार, मुनीडीह ओपी के एएसआई प्रदीप कुमार पांडेय एवं लालधारी रजक आदि मौजूद थे।

# दुमका में दुर्गा पूजा की धूम, मंदिरों के खुले पट, माता रानी ने भक्तों को दिया दर्शन

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

संवाददाता

**दुमकाः** झारखंड की उप राजधानी दुमका में मंदिरों के पट खुले। माता रानी ने भक्तों को दर्शन दिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह नजर आया।

उपराजधानी दुमका के पक्षिम बंगाल से सटे होने के कारण यहां दुर्गा पूजा बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। शारदीय नवरात्र पर होने वाली मां जगत जननी दुर्गा पूजा के लिए शहर में तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य और आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं। सोमवार माता रानी के भक्त ढोल-ढाक के साथ मंदिरों के कलश के लिए जलाशयों से पूरी निष्ठा के साथ जल लेकर आये।

ढोल-ढाक की आवाज तथा नाच-गाकर किया माता का स्वागत

कलश आगमन के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना का शुभारंभ हो गया, जो चार दिनों तक चलेगा। सुबह से ही लोग मां दुर्गा के आगमन को लेकर उत्साहित नजर आये। खास तौर पर महिलाओं में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिली। उन्होंने ढाक की ताल पर नाचते - गाते हुए मां दुर्गा का स्वागत किया।

दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



बता दें कि दुमका जिले में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पिछले 15 दिनों से जिला प्रशासन इसकी व्यवस्था में लगा हुआ है। जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और एसपी पीतांबर सिंह खेरवार खुद व्यवस्था की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। सभी पूजा-पंडालों में सुरक्षा बल के साथ-साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।महिला पुलिस की भी ड्यूटी लगाई गई

पूजा कमिटियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सीसीटीवी का इंतजाम बेहतर तरीके से करें। साथ ही जो भी समिति के सदस्य हैं वे आई कार्ड के साथ पंडाल में मौजूद रहें। चोर उचक्कों, मनचलों और पॉकेट मारो के लिए सादी वर्दी में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। इसमें महिला पुलिस बल की भी ड्यूटी लगाई गई है। यातायात की दुरुस्त व्यवस्था के लिए पूरे शहर में बड़ी गाड़ियों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है।

# जमशेदपुर में बनेगा हाईटेक ज्वाइंट पुलिस स्टेशन, एक छत के नीचे होंगे 4 थाने

संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर शहर की कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा आधुनिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोलमुरी पुलिस लाइन में एक हाईटेक ज्वाइंट पुलिस स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।

यह स्टेशन कई विशेष इकाइयों को एक ही छत के नीचे लाकर पुलिसिंग को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। नए भवन में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाना (एएचटीयू), साइबर थाना, एससी-एसटी थाना और महिला थाना संचालित होंगे। इससे पीड़ितों को त्वरित न्याय और शिकायतों के शीघ्र निपटारे में सहूलियत मिलेगी।

इसके अलावा यहां गार्ड रूम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डीप बोरिंग, फायर फाइटिंग सिस्टम सहित दूसरे कार्य भी होंगे। पुलिस विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अलग-अलग जगहों पर बिखरे इन विशेष थानों को एक ही परिसर में लाना, अपराध नियंत्रण और समन्वय को और बेहतर बनाएगा। भवन का निर्माण 19,36,76,600 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भवन

प्रस्तावित इमारत छह मंजिला यानी जी प्लस 6 होगी, जिसमें आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। इसमें 48 कमरे बनाए जाएंगे, जिनमें पुलिसकर्मियों के लिए एकल कक्ष और हॉल आवास की भी व्यवस्था होगी। इससे जवानों और अधिकारियों को आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे उनके कार्य संचालन में आसानी होगी। निर्माण कार्य को 18 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

5 साल तक एजेंसी को करना होगा रखरखाव

यह भवन हर सुविधा से लैस होगा। इस 6 मंजिले भवन निर्माण पर 10,90,21,762।92 रुपये खर्चे होंगे। खास बात यह है कि निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी को 5 वर्षों तक भवन के रखरखाव का काम भी देखना होगा।

पीड़ितों के लिए वन स्टॉप सेंटर की तरह काम करेगा

अधिकारियों का मानना है कि समय पर इस परियोजना के पूरे हो जाने से जिले की सुरक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार आएगा। साथ ही, पीड़ितों के लिए यह स्थान एक वन-स्टॉप सेंटर की तरह काम करेगा, जहां वे किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर आसानी से संपर्क कर सकेंगे।

## चीरो आर्चर का पहला मुकाबला चोल चिफ्स से

**जमशेदपुर :** आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) की शुरूआत दो अक्तूबर से नयी दिल्ली में होगी। 12 अक्तूबर तक चलने वाली इस लीग में हिस्सा लेने के लिए टाटा स्टील की टीम ह्य चेरो आर्चर्सह्ल पूरी तरह से तैयार है। चेरो आर्चर्स का पहला मैच दो अक्तूबर को चोल फिक्स के साथ होगा। चेरो आर्चर्स की टीम में मैथियास फुलर्टन (कम्पाउंड), कैथरीना बाउर (रिकर्व), अतनु दास (रिकर्व), राहुल (रिकर्व), प्रथिका प्रदीप (कंपाउंड), साहिल राजेश (कंपाउंड), मदाला हमसिनी (कंपाउंड) व कुकुम मोहोद (रिकर्व) शामिल है। टीम की कोच पूर्णिमा महतो हैं। वहीं, टीम का नेतृत्व टाटा आर्चरी एकेडमी के पूर्व कैडेट अतनु दास करेंगे। दो अक्तूबर को चेरो आर्चर्स का किट लॉन्च किया जायेगा। लीग के सभी मैचों का प्रसारण सोनी लिव पर किया जायेगा। चेरो आर्चर्स का कार्यक्रम 2 अक्टूबर 20:45 - बनाम चोल चिफ़्स 3 अक्टूबर` 20:22 - बनाम काकातीय नाइट्स 4 अक्टूबर` 20:59 - बनाम माइटी मराठाज 5 अक्टूबर` 20:22 - बनाम पृथ्वीराज योद्धाज 6 अक्टूबर 20:59 - बनाम राजपूताना रॉयल्स 7 अक्टूबर` 19:45 - बनाम माइटी मराठाज 8 अक्टूबर` 20:22 - बनाम चोल चिफ़्स 9 अक्टूबर 20:22 - बनाम काकातीय नाइट्स 10 अक्टूबर` 20:22 - बनाम पृथ्वीराज योद्धाज 11 अक्टूबर 19:45 - बनाम राजपूताना रॉयल्स 12 अक्टूबर` 19:45 से आगे - सेमी फाइनल और फाइनल।

# मानगो निगम क्षेत्र व जमशेदपुर अक्षेस के तीन सर्वश्रेष्ठ पंडाल होंगे पुरस्कृत

संवाददाता

**जमशेदपुर :** नगर निकायों की ओर से सोमवार को स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता शुरू की गयी जो आगामी दो अक्तूबर तक चलेगी। पूजा के दौरान स्वच्छता को बढ़ावा देने और शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता शुरू की गयी है। सोमवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) और मानगो नगर निगम के अधिकारियों ने शहर के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। प्रत्येक नगर निकाय से तीन सर्वश्रेष्ठ पंडालों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा व प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

150 अंकों की प्रतियोगिता, हर बिंदु पर मिलेंगे 10 अंक

प्रतियोगिता 150 अंकों की है। पहले से तय 15 बिंदुओं पर पूजा पंडालों को परखा जायेगा। हर बिंदु के लिए 10 अंक निर्धारित हैं।

मानगो में 22 और जेएनएसी में 30 पंडालों के बीच होगी प्रतियोगिता

मानगो नगर निगम क्षेत्र के 22 और जेएनएसी एरिया के 30 पूजा पंडालों के बीच प्रतियोगिता होगी। निरीक्षण के दौरान पंडालों में साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के उपयोग और जैविक कचरे के निस्तारण सहित अन्य बिंदुओं को देखा जा रहा है।

टीम में शामिल :

पूजा पंडाल क्षेत्र के सुपरवाइजर, नगर निकाय के एक सहायक अभियंता, एक कनीय अभियंता, एक सिटी मैनेजर और पूजा कमेटी के सदस्य।

जेएनएसी क्षेत्र को दो जोन में बांटा गया

जेएनएसी क्षेत्र के पूजा पंडालों को पूर्वी और पश्चिम दो जोन में बांटा गया। पूर्वी जोन में सिटी मैनेजर ज्योति पुंज और पश्चिम जोन में सिटी मैनेजर जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम जांच करेगी।

मानगो में तीन जोन में बनी टीम :

मानगो निगम क्षेत्र के पूजा पंडालों को तीन जोन में बांटा गया है। मानगो थाना क्षेत्र में सिटी मैनेजर निशांत कुमार, अलीडीह और एमजीएम थाना क्षेत्र में सिटी मैनेजर प्रदीप कुमार और आजादनगर जोन में सिटी मैनेजर दिनेश्वर यादव के नेतृत्व में टीम जांच करेगी।

प्रतियोगिता के मापदंड –- निर्धारित अंक

1. पूजा पंडाल व प्रतिमा बनाने में प्रकृति-अनुकूल सामग्री का उपयोग - 10
2.पूजा पंडाल में कागज, पत्ता, जूट या बायोडिग्रेडेबल सामग्री से सजावट - 10
3. पेयजल, शरबत पीने के लिए पर्यावरण अनुकूल पुनः प्रयोज्य ग्लास, कागज ग्लास का उपयोग - 10
4. प्रवेश व निकासी द्वार अलग- अलग व महिला व पुरुष के लिए अलग- अलग कतार की व्यवस्था - 10
5. आइ कार्ड के साथ वॉलिंटियर पूजा पंडाल में होने पर - 10
6. साफ- सफाई के लिए स्वयं से की गयी व्यवस्था व उपाय - 10
7. पंडाल के आसपास दुकानदारों व आम नागरिकों द्वारा गंदगी न फैलाना - 10
8. नशामुक्ति, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन, ध्वनि विस्तार यंत्र से प्रचार- प्रसार - 10
9. पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबिन की व्यवस्था व उसका उपयोग - 10
10. पूजा पंडाल से निकलने वाले कचरे का पृथक्करण - 10
11. पूजा पंडाल से निकलने वाले बायोडिग्रेडेबल कचरे का पीट डिस्पोजल - 10
12. पंडाल से निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबलो कचरे का निस्तारण के लिए निकाय को सौंपना - 10
13.थूकने की स्थान की व्यवस्था और नागरिकों द्वारा इसका उपयोग - 10
14.निकाय द्वारा चिह्नित विसर्जन स्थल में प्रतिमा का विसर्जन - 10
15. पूजा समिति या नागरिकों द्वारा किये गये इनोवेटिव कार्य- 10

# पलामू में हाईटेक कंट्रोल रूम से शुरू हुई मॉनिटरिंग गाड़ियों के नंबर प्लेट को ऑटोमैटिक करेगी कैप्चर

संवाददाता

**पलामूः** जिला में हाईटेक कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की शुरू हो गई है। दुर्गा पूजा के दौरान इस हाईटेक कंट्रोल रूम की शुरूआत हुई है।

पलामू में पुलिस ने कंपोजिट कंट्रोल रूम तैयार किया है। कंपोजिट कंट्रोल रूम के लिए 113 सीसीटीवी कैमरा लगाये गये हैं जबकि कंपोजिट कंट्रोल रूम से डायल 112 को भी जोड़ा गया है। सोमवार को स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा, शानू सिद्दकी ने इसका उद्घाटन किया।

कंपोजिट कंट्रोल रूम को हाईटेक तरीके से बनाया गया है और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के 113 अलग अलग इलाकों में सीसीटीवी लगाया गया है। जिसमें वैसे कैमरे भी



शामिल है जो नंबर प्लेट को ऑटोमेटिक कैप्चर करेगी। 360 डिग्री वाले सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।

पलामू जोन का सबसे बड़ा शहर में मेदिनीनगर है, जहां करीब दो लाख की आबादी रहती है। पूरे पलामू में करीब 22 लाख की आबादी है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मेट्रोपोलिटन सिटी की तरह यहां भी हाईटेक कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस तरह के कम से अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगी। विधायक ने कहा को यहां से एक प्रस्ताव भेजा जाए ताकि ट्रैफिक थाना बनाया जा सकता है।

हाईटेक कंट्रोल रूम के उद्घाटन मौके पर आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि समय परिवर्तनशील है। समय के अनुसार अपराध नियंत्रण एवं व्यवस्था में सुधार के लिए कई स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। कंट्रोल रूम (उउफ) में क्यूआरटी की एक टीम तैनात रहेगी जो त्वरित कार्रवाई करेगी। यह टेक्नोलॉजी का यूग है, लोगों को अपने कर्तव्य को समझने की जरूरत है।

वहीं डीसी समीरा एस ने कहा कि यह अच्छा पहल है। शहर को व्यवस्थित करने में सहायता मिलेगी। एसपी रेशमा रीष्मा रमेशन ने कहा कि क्राइम फ्री शहर बनाने के लिए कई बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। पलामू को भी ट्रैफिक थाना बनाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।